आवस्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 201 | हापुड़ , गुरुवार 6 फरवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06

# मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा व प्रशासन ने फर्जी वोटिंग कर जमकर धांधली की- अखिलेश

## मुस्लिम महिलाओं का बुर्का हटाकर उनकी पहचान करने के बहाने उन्हें भयभीत किया गया

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा सरकार के इशारे पर लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की धज्जियां उड़ायी गईं। भाजपा और प्रशासन ने कई जगहों पर फर्जी वोटिंग की और जमकर धांधली की। आरोप लगाया कि मुस्लिम महिलाओं का बुर्का हटाकर उनकी पहचान करने के बहाने उन्हें भयभीत और अपमानित किया गया। पुलिस के बड़े अधिकारियों ने भी मतदाताओं का परिचय पत्र चेक किया। अप्रत्यक्ष रूप से मतदाताओं में भय उत्पन्न करके मतदान को प्रभावित करने का लोकतांत्रिक अपराध किया गया है। अखिलेश ने बुधवार को जारी बयान में कहा है कि पुलिस-प्रशासन का रवैया अलोकतांत्रिक रहा। दर्जनों बूथों पर समाजवादी पार्टी के बूथ एजेंटों को डराया-धमकाया गया। भाजपा ने मिल्कीपुर में बेईमानी के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए। भाजपा ने मिल्कीपुर उपचुनाव को प्रभावित करने के लिए अराजकता की। पुलिस-प्रशासन का उन्हें खुला संरक्षण मिला। मिल्कीपुर उपचुनाव में कई बूथों पर प्रशासन और बीएलओ ने फर्जी मतदान कराया। भाजपा के सत्ता संरक्षित लोगों ने फर्जी वोटिंग करवाई। बूथ संख्या-158 पर एसडीएम द्वारा खुद बूथ कैप्चरिंग की शिकायत



चुनाव आयोग से की गई। अखिलेश ने आयोग से मामले को संज्ञान में लेकर ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। अखिलेश ने कहा कि पुलिस-प्रशासन ने मतदाताओं के बीच डर का माहौल बनाकर मतदान को प्रभावित किया। भाजपा के समर्थकों ने खुद स्वीकार किया है कि उन्होंने फर्जी मतदान किया है। अकेले एक व्यक्ति ने छह वोट डाले। फर्जी मतदान करते हुए कुछ लोगों को समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने स्वयं पकड़ा है। मिल्कीपुर उपचुनाव में रायपट्टी अमानीगंज में फर्जी वोट डालने की बात अपने मुंह से कहने वाले ने साफ कर दिया कि भाजपा सरकार में अधिकारी किस तरह से धांधली में लिप्त है। निर्वाचन आयोग को और क्या सबूत चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने सोशल मीडिया के जरिए चुनाव आयोग से शिकायत की कि कुछ बूथों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार व चौकी प्रभारी खंडासा अनुराग पाठक व पीठासीन अधिकारी ने मिलकर मतदान को प्रभावित किया। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में कई मतदान केंद्रों पर समाजवादी पार्टी के एजेंटों को या तो बाहर कर दिया गया या एजेंट ही नहीं बनाया गया। ज्यादातर बूथों पर ईवीएम खराब होने की शिकायतें मिली।

ईवीएम तो कई जगह खराब रही परन्तु कुटिया अमानीगंज की दो घंटे से ज्यादा मशीन खराब रही और मतदान बाधित रहा।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव - बुजुर्गों ने भी किया उत्साह के साथ मतदान

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा के लिए बुधवार को जारी मतदान में कई बुजुर्ग मतदाता अपने परिवार के सदस्यों या पुलिसकर्मियों के साथ मतदान केंद्रों पर पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व्हीलचेयर पर बैठे अपने बुजुर्ग माता-पिता को मतदान केंद्र तक ले गए। उन्होंने कहा, ''मेरे माता-पिता बीमार हैं, लेकिन वे सुबह से ही वोट डालने के लिए उत्साहित थे। उन्होंने वोट डालने के लिए पूरा प्रयास किया।'' आसिफ (83) और उनकी 80 वर्षीय पत्नी मस्रा असंद अपने पोते के साथ शाहीन बाग के एक मतदान केंद्र पर पहुंचे। व्हीलचेयर पर बैठे दंपति ने दूसरों को भी वोट डालने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ''हर कोई रोजी-रोटी के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है और अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा है, लेकिन सड़कें और सफाई व्यवस्था चिंता के विषय हैं। इन मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इसके अलावा हम किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं कर रहे हैं।'' उत्तर-पूर्व दिल्ली में जाफराबाद के 91 वर्षीय निवासी शौकत अली बुजुर्गों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''स्वास्थ्य सुविधाएं बुरी हालत में हैं। इलाज के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है। अपने संपर्कों (सिफारिश) का इस्तेमाल करने वाले लोगों को प्राथमिकता दी जाती है, जबकि आम आदमी अपनी बारी का इंतजार करता रहता है।'' कालकाजी में 8 5 वर्षीय राम प्यारी को उनकी 62 वर्षीय बेटी रीना मतदान केंद्र तक ले गईं। रीना ने कहा, ''मेरी मां हमेशा मतदान को लेकर उत्साहित रहती हैं। मंगलवार को वह मेरी पोती को चुनाव प्रक्रिया समझा रही थीं, जो कक्षा आठ में पढ़ती है। हर बार की तरह हम एक साथ मतदान करने आए।'' दिल्ली की समस्याओं के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि सड़कें बहुत खराब हैं और उनकी हालत और खराब होती जा रही है। उन्होंने कहा, ''चाहे कुछ भी हो, हम मतदान अवश्य करेंगे। कूड़े को साफ करना जरूरी है, अगर घर से बाहर निकलते ही हमें खुली नालियों और कचरे के ढेर से गुजरना पड़े तो साफ-सुथरे घर का कोई मतलब नहीं है।'' कई जगहों पर पुलिसकर्मियों ने बुजुर्गों की मदद की और उन्हें मतदान केंद्रों तक पहुंचाया। सरोजिनी नगर में पुलिस कर्मियों ने 92 वर्षीय महिला को अटल आदर्श विद्यालय पहुंचाया, जहां उन्होंने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

# दिल्ली चुनाव में सत्य की होगी जीत- आतिशी

नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली वासियों से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि चुनाव में सत्य की विजय होगी। सुश्री आतिशी ने एक्स पर बुधवार को कहा दिल्ली का आज का चुनाव, सिर्फ़ एक चुनाव नहीं है, धर्म युद्ध है। यह अच्छाई और बुराई की लड़ाई है। यह काम और गुंडागर्दी की लड़ाई है। मेरी सभी दिल्ली वासियों से अपील है कि अपना वोट डालें। काम के लिये वोट डालें, अच्छाई के लिए वोट डालें। सत्य की विजय होगी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा प्यारे दिल्लीवासियों, आज वोट का दिन है। आपका वोट सिर्फ़ एक



बटन नहीं, ये आपके बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव है। अच्छे स्कूल, बेहतरीन अस्पताल और हर परिवार को सम्मानजनक जीवन देने का अवसर है। उन्होंने कहा आज हमें झूठ, नफ़रत और डर की राजनीति को हराकर सच्चाई, विकास और ईमानदारी को जिताना है। खुद भी वोट करें और अपने परिवार, दोस्तों, पड़ोसियों को भी प्रेरित करें। गुंडागर्दी हारेगी, दिल्ली जीतेगी। आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा दिल्ली के सभी मतदाताओं से मेरी अपील है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें और मतदान अवश्य करें। मतदान हर नागरिक का अधिकार भी है और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का दायित्व भी। उन्होंने कहा आपका एक-एक वोट हमारे बच्चों के बेहतर कल के लिए समर्पित होगा। दिल्ली की इस प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए अपने मताधिकार का उपयोग कर अपना योगदान दें।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्रिवेणी में लगायी आस्था की डुबकी

महाकुंभ नगर । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ के अवसर बुधवार को गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगायी। श्री मोदी आज पूर्वान्ह करीब साढ़े दस बजे प्रयागराज के बमरौली हवाई अड्डा पहुंचें जहां से वह हेलीकाप्टर के जरिये अरैल स्थित डीपीएस के हेलीपैड पर उतरे। प्रधानमंत्री करीब 11.10 बजे अरैल घाट पहुंचें और वहां से वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मोटर बोट से संगम नोज पहुंचें और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच त्रिवेणी में स्नान किया। उन्होने स्नान के बाद सूर्य को अर्घ्य भी दिया और देश में समृद्धि शांति की कामना की। संगम स्नान के बाद श्री मोदी प्रधानमंत्री लेटे



हनुमान जी और अक्षयवट का दर्शन पूजन करेंगे। इस दौरान उनके अखाड़ों के प्रमुख और संतों से मुलाकात की संभावना है। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये हैं। प्रधानमंत्री इससे पहले 2019 में 24 फरवरी को कुंभ के मौके पर यहां आये थे और स्नान ध्यान के बाद उन्होने सफाई कर्मियों के पांव पखारे थे। श्री मोदी पिछले साल 13 दिसंबर को प्रयागराज आये थे और 5500 करोड़ रुपये की 167 विकास परियोजनाओ का उदघाटन किया था।

इस बीच महाकुंभ में आज भी लाखों श्रद्धालुओं ने विभिन्न घाटों पर स्नान किया। अधिकृत जानकारी के अनुसार सुबह आठ बजे तक 37 लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके थे जिन्हे मिला कर अब तक महाकुंभ में 38 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

# लोकतंत्र के लिए मतदान ऑक्सीजन की तरह है- धनखड़ ने मतदान करने के बाद कहा





नई दिल्ली । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को मतदान को लोकतंत्र के लिए ऑक्सीजन की तरह बताया और कहा कि मताधिकार का इस्तेमाल लोगों को दिया गया सबसे बड़ा अधिकार है। धनखड़ और उनकी पत्नी सुदेश ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए यहां अपना वोट डाला। बाद में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मतदान लोकतंत्र की ऑक्सीजन है। उन्होंने कहा, ''लोकतंत्र का आधार मतदान है और मतदान ही सभी अधिकारों की जननी है। इससे ऊपर कोई अधिकार नहीं है।''उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी सार्थक है जब प्रत्येक व्यक्ति विवेकपूर्ण और स्वतंत्र रूप से अपना वोट डाले। धनखड़ ने कहा, ''भारत दुनिया के लिए एक उदाहरण है। यह सबसे पुराना लोकतंत्र है, सबसे बड़ा लोकतंत्र है, सबसे मजबूत लोकतंत्र है, सबसे जीवंत लोकतंत्र है, जहां सत्ता में परिवर्तन या शासन में स्थिरता केवल मतदान के माध्यम से ही स्पष्ट होती है।'' उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब देश स्वतंत्र हुआ तो प्रत्येक वयस्क व्यक्ति, चाहे वह पुरुष हो या महिला, को मतदान का अधिकार दिया गया जबकि भारत से पहले स्वतंत्र हुई दुनिया की कई बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में ऐसा नहीं था। उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सुचारू ढंग से संचालन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा किए गए प्रबंधों की भी सराहना की। उन्होंने कहा, ''हमने जो प्रौद्योगिकी अपनाई है, जिस गति से आपके मतदान का परिणाम सार्वजनिक रूप से घोषित किया जाता है, विश्व उसकी सराहना कर रहा है।''

# प्रधानमंत्री को स्वीकार करना चाहिए कि 'मेक इन इंडिया' विफल है- राहुल गांधी

नई दिल्ली । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मेक इन इंडिया' का उल्लेख तक नहीं किया, जबकि उन्हें स्वीकार करना चाहिए कि एक अच्छी पहल होने के बावजूद यह विफल है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्पादन और प्रौद्योगिकी के संदर्भ में चीन का मुकाबला करने के लिए दूरदर्शिता और रणनीति की जरूरत है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''प्रधानमंत्री जी, आपने अपने भाषण में 'मेक इन इंडिया' का जिक्र तक नहीं किया। प्रधानमंत्री को यह स्वीकार करना चाहिए कि 'मेक इन इंडिया' एक अच्छी पहल होने के बावजूद



असफल है। विनिर्माण क्षेत्र में 2014 में सकल घरेलू उत्पाद 15.3 प्रतिशत था जो गिरकर 12.6 प्रतिशत हो गया है, यह पिछले 60 वर्षों में सबसे कम है।'' उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं को नौकरियों की सख्त जरूरत है तथा हाल के समय में कोई भी सरकार, चाहे संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) हो या राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग, इस राष्ट्रीय चुनौती का बड़े पैमाने पर सामना करने में सक्षम नहीं रही है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''हमें इस बात पर ध्यान देने की आवश्यकता है कि हमारे विनिर्माण क्षेत्र को किस चीज़ ने पीछे धकेल रखा है और इसे भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धी होने के लिए तैयार किया जाए। '' उन्होंने कहा कि भारत में उत्पादन के इस दृष्टिकोण में इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, ऑप्टिक्स और एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। राहुल गांधी के अनुसार, ''यह हमारे विनिर्माण क्षेत्र को पुनर्जीवित करने, अत्याधुनिक विनिर्माण क्षमता विकसित करने और हमारे लिए आवश्यक नौकरियां पैदा करने का एकमात्र तरीका है।'' उन्होंने कहा, ''चीन हमसे 10 साल आगे है और उसके पास एक मजबूत औद्योगिक प्रणाली है। यही बात उन्हें हमें चुनौती देने का आत्मविश्वास देती है। उनके साथ प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करने का एकमात्र तरीका हमारी अपनी उत्पादन प्रणाली का निर्माण करना है और इसके लिए हमें दूरदर्शिता और रणनीति की आवश्यकता है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन में हुई चर्चा का मंगलवार को जवाब दिया। उन्होंने विपक्ष पर हताश होने का आरोप लगाते हुए कहा था, ''योजनाबद्ध तरीके से, समर्पित भाव से, अपनेपन की पूरी संवेदनशीलता के साथ जब गरीबों के लिए जीवन खपाया जाता है तब यह होता है। हमने गरीब को झूठे नारे नहीं, सच्चा विकास दिया।'' उन्होंने हाल में बजट में वेतनभोगियों के लिए 12 लाख रुपये तक सालाना आय पर आयकर छूट का जिक्र करते हुए कहा था कि बजट में एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणा परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी क्षेत्र को प्रवेश देने के बारे में है, जिस पर लोगों ने अधिक ध्यान नहीं दिया। मोदी ने कहा था सरकार ने युवाओं के लिए कई क्षेत्रों को खोला है जिसमें अंतरिक्ष क्षेत्र, रक्षा क्षेत्र के साथ सेमीकंडक्टर मिशन लाना शामिल है। प्रधानमंत्री ने एआई, थ्रीडी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स और वर्चुअल रियलिटी का जिक्र करते हुए कहा था, ''हम गेमिंग के महत्व पर जोर देने वाले हैं। मैंने युवाओं से कहा है कि दुनिया की गेमिंग राजधानी भारत क्यों नहीं बने।''

# सुरक्षा एजेंसी घुसपैठ पर अंकुश लगा कर आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें - शाह

नई दिल्ली । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में सभी सुरक्षा एजेंसियों को घुसपैठ पर पूरी तरह अंकुश लगाने का लक्ष्य रखकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाने का बुधवार को निर्देश दिया। श्री शाह ने आज यहां जम्मू और कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कल भी जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर एक महत्तवपूर्ण समीक्षा बैठक की थी जिसमें थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, और केन्द्रीय गृह सचिव सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया था।

बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के निरंतर और समन्वित प्रयासों के कारण जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद का इकोसिस्टम काफी कमजोर हो गया है। गृह मंत्री ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को जीरो इंफिल्ट्रेशन का लक्ष्य रखकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियां घुसपैठ और आतंकवाद पर बेहद सख्ती के साथ और कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा, आतंकवादियों के अस्तित्व को जड़ से खत्म करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। श्री शाह ने कहा कि नार्को नेटवर्क से घुसपैठ और आतंकियों को अपनी गतिविधियां चलाने में समर्थन मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि नार्कोटिक्स के व्यापार से प्राप्त पैसे से हो रही टेरर फंडिंग के खिलाफ तत्परता से कार्रवाई करने की ज़रूरत है। श्री शाह ने एजेंसियों से नए आपराधिक कानूनों के मद्देनज़र फ़ोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी के पदों में नई नियुक्तियां करने का निर्देश दिया। उन्होंने आतंकवाद-मुक्त जम्मू और कश्मीर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की मोदी सरकार की नीति पर बल दिया। उन्होंने सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए तालमेल के साथ काम करना जारी रखने का निर्देश दिया। गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य के सभी मानकों में महत्वपूर्ण सुधार के लिए सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की।

बैठक में जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केन्द्रीय गृह सचिव, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, जम्मू और कश्मीर के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक सहित गृह मंत्रालय और जम्मू कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# रोहिणी से भाजपा प्रत्याशी ने पत्नी संग किया मतदान, तीसरी बार रोहिणी से जीत की जताई उम्मीद

नई दिल्ली । रोहिणी विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी विजेंद्र गुप्ता ने आज पत्नी डॉ. शोभा विजेंद्र के साथ मतदान किया। उन्होंने एन.के. बगरोदिया पब्लिक स्कूल, सेक्टर-9, रोहिणी स्थित मतदान केंद्र संख्या 91 पर अपना वोट डाला। मतदान के लिए अपने घर से निकलने से पहले उन्होंने अपनी पत्नी के साथ निकट के मंदिर में पूजन अर्चना की और ईश्वर से अपनी विजय के लिए आशीर्वाद मांगा।

मतदान के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि रोहिणी की जनता ने चुनाव में जिस प्रकार से अपार समर्थन और स्नेह दिया



है, उससे यह स्पष्ट है कि वे तीसरी बार इस सीट से विजयी होंगे।

उन्होंने कहा कि रोहिणी की जनता ने भाजपा की विकास की नीतियों पर भरोसा जताया है और यह चुनाव एकतरफा रहेगा। विजेंद्र गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा ने देश को विकास की नई दिशा दी है और दिल्ली की जनता अब बदलाव चाहती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आठ फरवरी को जब चुनाव परिणाम घोषित होंगे, तो भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलेगा और दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान उनके समर्थन में जनसभाएं करने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, मुख्यमंत्रियों और सांसदों का आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने भाजपा के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर घर-घर तक भाजपा की नीतियों को पहुंचाया।

## संपादकीय

# भक्तराज अंबरीश की रक्षा करता था सुदर्शन चक्र



भक्तराज अम्बरीश महाराज नागभाग के पुत्र थे। वे सप्त द्वीपवती पृथ्वी के एकमात्र सम्राट थे। संपूर्ण ऐश्वर्य के अधीश्वर होते हुए भी संसार के भोग पदार्थों में उनकी जरा भी आसक्ति नहीं थी। उनका संपूर्ण जीवन भगवान की सेवा में समर्पित था। जो अनन्य भाव से भगवान की भक्ति प्राप्त कर लेता है, उसके योग क्षेम का संपूर्ण भार भगवान अपने ऊपर ले लेते हैं। इसीलिये महाराज अम्बरीश की सुरक्षा के लिए भगवान ने अपने सुदर्शन चक्र को नियुक्त किया था। सुदर्शन चक्र गुप्त रूप से भगवान की आज्ञानुसार महाराज अम्बरीश के राजद्वार पर पहरा दिया करते थे। एक समय महाराज अम्बरीश ने अपनी रानी के साथ भगवान श्रीकृष्ण की प्रीति के लिए वर्ष भर की एकादशी व्रत का अनुष्ठान किया। अंतिम एकादशी के दूसरे दिन भगवान की सविधि पूजा की गयी। ब्राम्हणों को भोजन कराया गया और उन्हें वस्त्र आभूषणों से अलंकृत गौएं दान में दी गयीं। इसके बाद राजा अम्बरीश पारण की तैयारी कर ही रहे थे कि अचानक महर्षि दुर्वासा अपने शिष्यों के साथ पधारे। अतिथिप्रेमी महाराज ने उनका अतिथि सत्कार करने के बाद उनसे भोजन करने के लिए निवेदन किया। दुर्वासाजी ने उनके निवेदन को स्वीकार किया और मध्यान्ह संध्या के लिये यमुना तट पर चले गये। द्वादशी केवल एक घड़ी मात्र शेष थी। द्वादशी में पारण न होने पर महाराज को व्रत भंग का दोष लगता, अतः उन्होंने ब्राम्हणों की आज्ञा से भगवान का चरणोदक पान कर लिया और भोजन के लिये दुर्वासा की प्रतीक्षा करने लगे। दुर्वासाजी जब अपने नित्यकर्म से निवृत्त होकर राजमहल लौटे, तब उन्हें तपोबल से राजा के द्वारा भगवान के चरणामृत से पारण की बात अपने आप मालूम हो गयी। उन्होंने क्रोधित होकर महाराज अम्बरीश से कहा कि मूर्ख तू भक्त नहीं ढोंगी है। तूने मुझ अतिथि को निमंत्रण देकर भोजन कराने से पहले ही भोजन कर लिया है। इसीलिये मैं कृत्या के द्वारा तुझे अभी नष्ट कर देता हूं। ऐसा कहकर उन्होंने अपने मस्तक से एक जटा उखाड़कर पृथ्वी पर पटका, जिससे कालाग्नि के समान एक कृत्या उत्पन्न हुई। वह भयानक कृत्या तलवार लेकर अम्बरीश को मारने के लिए दौड़ी। उसके अम्बरीश तक पहुंचने के पूर्व ही भगवान के सुदर्शन चक्र ने उसे जलाकर भस्म कर दिया। कृत्या को समाप्त करके सुदर्शन चक्र ने मारने के लिए दुर्वासा का पीछा किया। दुर्वासा अपनी रक्षा के लिये तीनों लोकों और चैदहों भुवनों में भटके, किंतु भगवान और भक्त के द्रोही को किसी ने भी आश्रय और अभय नहीं प्रदान किया। अंत में दुर्वासा भगवान विष्णु के पास गये। भगवान ने भी उनसे कहा कि मैं तो भक्तों के अधीन हूं। मैं भी आपकी रक्षा करने में असमर्थ हूं। आपकी रक्षा का अधिकार केवल अम्बरीश को ही है, अतः आपको उन्हीं की शरण में जाना चाहिए। अंततः दुर्वासा व्याकुल होकर अम्बरीश की शरण में गये और पहुंचते ही उनके चरण पकड़ लिये। अम्बरीश उनकी प्रतीक्षा में तभी से खड़े थे, जब से चक्र ने उनका पीछा शुरू किया था। उन्होंने सुदर्शन चक्र की स्तुति की और दुर्वासा को क्षमादान दिलाया। दुर्वासा भगवान के भक्त की शक्ति को प्रणाम करके अम्बरीश का गुणगान करते हुए तपस्या के लिए वन की ओर चले गये।

# 6 फरवरी 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 07.08 प्रात-
सूर्यास्त- 06.13 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 12.22 प्रात-
चंद्र अस्त- 02.29 रात्रि
चंद्रमा- वृषभ राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना माघ-08 पूर्णिमांत महीना माघ-24 पक्ष-शुक्ल पक्ष 09,तिथि-नवमी रात्रि- 10.53 तक बाद में दशमी, नक्षत्र-कृतिका सायं- 07.29 तक बाद में रोहिणी, योग- ब्रह्म सायं- 06.42 तक बाद में इंद्र, करण-बालव प्रात- 11.42 तक बाद में कौलव रात्रि- 10.53 तक बाद में तैतील, राहु काल दोपहर- 1.30 से 03.00 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक, यमगंड प्रात- 06.00 से 07.30 बजे अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.18 से 01.03 तक, दुमुहूर्त प्रात- 10.50 से 11.34 तक अमृत काल सायं- 05.11 से 06.43 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.31 से 06.19 तक।

# 6 फरवरी 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष-तनाव से भूलने की समस्या सम्भव है, कान में परेशानी, शरीर में एलर्जी सम्भव है,अविवाहित को विवाह की शीघ्रता रहेगी, नौकरी में कुछ लोग विरोधी बनेंगे।
भाग्य प्रतिशत-49

वृषभ-मन उत्साहित रहेगा, राजनीति में है तो शुभ समय है, शिक्षक है तो ट्यूशन बढ़ेंगे, अकाउंट के विद्यार्थियों को समस्या हो सकती है।
भाग्य प्रतिशत-68

मिथुन- शरीर में किसी रोग का पता चल सकता है थोड़ा ध्यान रखें, नवविवाहित है तो जीवन साथी से विरोध सम्भव है, पैतृक सम्पत्ति पर अधिकार मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-53

कर्क-मित्रों की संख्या कम हो सकती है, खुद के बल पर ही आगे बढ़ेंगे, दूसरे शहर में जॉब के लिए आवदेन करेंगे, व्यवसाय में खासी परेशानी आ सकती है।
भाग्य प्रतिशत-51

सिंह-नौकरी में विरोध सम्भव है निपट भी लेंगे, कोई प्लांट लगाना चाहते है तो मुश्किल आयेगी, प्रोफेसर, साहित्यिक कार्य, पुस्तक प्रकाशन के उद्योग में उन्नति होगी।
भाग्य प्रतिशत-64

कन्या- असमंजस बढ़ेगा, पैसे खर्च करने में थोड़ी कंजूसी भी करेंगे, चिकित्सा कार्य में परिश्रम बढ़ेगा, विवाह हुआ है तो भाग्य उन्नति होगी।
भाग्य प्रतिशत-73

तुला- धन की थोड़ी कमी अनुभव हो सकती है, केट, जी-मेट की तैयारी में मुश्किल होगी, एडमिन विभाग, अस्पताल,लाईब्रेरियन की जॉब मिल सकती है।
भाग्य प्रतिशत-68

वृश्चिक- स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, ठंड परेशान करेगी, वैवाहिक जीवन का तनाव गम्भीरता से सुलझाए, दंत चिकित्सक व्यस्त रहेंगे।
भाग्य प्रतिशत-53

धनु- थोड़ा रिस्क लेकर कोई अपना कार्य शुरू कर सकते है, कोर्ट केस से आर्थिक लाभ होता नजर आ रहा है, गैस रोग, कफ बढ़ सकता है ध्यान रखें, धार्मिक रहेंगे।
भाग्य प्रतिशत-74

मकर- प्रतिष्ठा बढ़ेगी मगर कुछ लोग जलने लगेंगे, घर में किसी बात पर अत्यधिक बहस से बचें, अपने तनाव पर भी कार्य करें, सौंदर्य प्रसाधन कार्य चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-70

कुम्भ- धन के अच्छे मौके मिलेंगे, किसी बुजुर्ग को शारीरिक पीड़ा सम्भव है, संतान को मुश्किलें आ सकती है, कर्ज मुक्त हो सकेंगे।
भाग्य प्रतिशत-65

मीन- असुरक्षा की भावना समाप्त होगी, किसी से मित्रता नजदीकी में बदलेगी, विवाह का मार्ग प्रशस्त होगा, प्रवक्ता बनने का मार्ग खुलेगा।
भाग्य प्रतिशत-79

## 24 कैरेट सोना 85 हजार पार , 22 कैरेट ने लगाई 78 हजार के ऊपर छलांग



नई दिल्ली । दो दिन की मामूली गिरावट के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत मे जोरदार तेजी नजर आ रही है। इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोना 85 हजार रुपये के स्तर को और 22 कैरेट सोना 78 हजार रुपये के स्तर को पार कर गया है। सोना आज 1,070 रुपये से लेकर 1,170 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। कीमत में आई इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 85,210 रुपये से लेकर 85,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 78,110 रुपये से लेकर 78,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है।

हालांकि चांदी की कीमत में आज 900 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। इस कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 98,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 85,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 78,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 85,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 78,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 85,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 78,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 85,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 78,110 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 85,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 78,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 85,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 78,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 85,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 78,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 85,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 78,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है।

इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 85,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 78,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## रुपया सात पैसे की गिरावट पर खुला



मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ ही 87.13 पर खुला। वहीं गत दिवस अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को भारतीय रुपया 11 पैसी की बढ़त के साथ ही 87.0675 पर बंद हुआ, जो पिछले सेशन में 87.1850 था। शुरुआती कारोबार में 13 पैसे की बढ़त के साथ 86.98 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मेक्सिको और कनाडा पर शुल्क बढ़ोतरी को लागू करने की प्रक्रिया को एक महीने टालने के बाद भारतीय मुद्रा पर कुछ दबाव कम हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक जो 109.88 के स्तर को पार कर गया था, ट्रंप की शुल्क पर अस्थायी रोक की घोषणा के बाद 108.74 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.98 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से 13 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को 49 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.11 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 फीसदी की गिरावट के साथ 108.74 पर रहा।

# 'छावा' के प्रमोशन के लिए जयपुर पहुँचे अभिनेता विक्की कौशल



जयपुर । बॉलीवुड फिल्म 'छावा' के प्रमोशन के सिलसिले में मुख्य भूमिका निभा रहे अभिनेता विक्की कौशल मंगलवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर पहुँचे जहां वह राजमंदिर सिनेमा पर प्रोमो लांच के दौरान प्रशंसकों और दर्शकों से रूबरू हुए। इस अवसर पर विक्की कौशल ने कहा कि वर्तमान दौर के दर्शक सिर्फ मनोरंजन नहीं चाहते, बल्कि ऐसी कहानियाँ चाहते हैं, जो उनके दिल को छू लें, उन्हें इतिहास की गहराई में ले जाएँ और इंसानी जज़्बातों को बड़े पर्दे पर जीवंत कर दें। इन्हीं भावनाओं के मद्देनजर हिंदी सिनेमा की भव्यतम और ऐतिहासिक फिल्म छावा कुछ ही दिनों में जीवंत अनुभव लेकर आ रही है।

यह छत्रपति संभाजी महाराज की जीवन गाथा से दर्शकों को रूबरू कराएगी। मैरियट होटल में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए विक्की ने फिल्म के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा,'छावा' सत्य घटना पर आधारित फिल्म है जो छत्रपति संभाजी महाराज की प्रेरणादायक कहानी को जीवंत करती है। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि इतिहास की उस महान विरासत को श्रद्धांजलि है, जिसने हमारी संस्कृति और परंपरा को आकार दिया। मैं खुद को भाग्यशाली समझता हूँ कि छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार मुझे निभाने को मिला। मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शक इस कहानी को अपने दिलों में हमेशा के लिए संजोकर रखेंगे। विक्की ने कहा कि जब भी आप कोई किरदार कर रहे होते हैं, तो कई महीनों और कई दफा वर्षों तक इसकी शूटिंग में शामिल होने और इससे जुड़े रहने से यह किरदार आपकी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाता है और आपकी भावनाएँ इससे जुड़ जाती हैं। करीब 12 से 14 घंटे शूटिंग करने के बाद इसका कोई न कोई अंश तो आप में रह ही जाता है, फिर चाहे वह किरदार के चलने का तरीका हो या उसकी बोली हो। फिल्म 'छावा' हिंदी सिनेमा की सबसे भव्य प्रस्तुतियों में से एक है।

मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन और निर्देशक लक्ष्मण उतेकर ने इस फिल्म को एक ऐसे सिनेमाई अनुभव में तब्दील किया है, जो इतिहास और भावनाओं को बड़े पर्दे पर जीवंत करता है। ए आर रहमान के संगीत से सजी यह फिल्म, 14 फरवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# जान्हवी कपूर ने केरल में कड़ी धूप में परम सुंदरी की शूटिंग की



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने केरल में कड़ी धूप में अपनी आने वाली फिल्म परम सुंदरी की शूटिंग की है। जान्हवी कपूर ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर साझा की, जिसमें उन्होंने केरल में भीषण गर्मी के कारण अपनी आगामी फिल्म परम सुंदरी की शूटिंग के दौरान सनबर्न होने का खुलासा किया। जान्हवी ने तस्वीर को कैप्शन देते हुए लिखा 'जले हुये' अपनी कला के प्रति जान्हवी का समर्पण वास्तव में सराहनीय है।


उन्हें गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल के फिल्मांकन के दौरान कंधे में चोट लगी थी, जिसके लिए लगभग सर्जरी की आवश्यकता थी। तुषार जलोटानिर्देशित फिल्म परम सुंदरी में जान्हवी कपूर,सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ हैं। यह फिल्म 25 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस साल जान्हवी, शशांक खेतान की सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में भी दर्शकों को चकाचौंध करने के लिए तैयार हैं, जहां वह वरुण धवन के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। इसके अलावा, जान्हवी, बुची बाबू सना निर्देशित पैन-इंडिया फिल्म आरसी 16 में करिश्माई राम चरण के साथ अभिनय करेंगी।

## जैकी श्रॉफ के जन्मदिन पर अनन्या ने शेयर की थ्रौबैक तस्वीर

मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ के जन्मदिन पर एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने एक थ्रौबैक तस्वीर शेयर की, जिसने सबका ध्यान खींचा। तस्वीन में जैकी श्रॉफ एक बेबी को गोद में लिए हुए नजर आ रहे हैं। यह बेबी कोई और नहीं, बल्कि आज की टॉप एक्ट्रेस अनन्या पांडे हैं। अनन्या पांडे ने इस थ्रौबैक तस्वीर को अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया और जैकी श्रॉफ को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। तस्वीर में अनन्या जैकी की गोद में एक छोटे बच्चे के रूप में दिख रही हैं, और उन्होंने इसे कैप्शन दिया, हम बहुत आगे निकल आए हैं। इस थ्रौबैक तस्वीर को देखकर लोगों को अनन्या के शुरुआती दिनों की याद आई। अनन्या पांडे ने 2019 में स्टुडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में डेब्यू किया था, जिसमें वह तारा सुतारिया के साथ थीं और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म हिट रही थी, और इसके लिए अनन्या को बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवार्ड भी मिला था। अब अनन्या पांडे की उम्र 26 साल है और वह 74 करोड़ रुपए की मालकिन बन चुकी हैं। उन्होंने अपनी कमाई और सफलता की यात्रा में पीछे मुड़कर नहीं देखा। इसके अलावा, हाल ही में वह और जैकी श्रॉफ स्पॉटिफाई के विज्ञापन में साथ नजर आए थे, जिसमें दोनों ने एक दूसरे की नकल करते हुए मजेदार डायलॉग्स दिए थे। अनन्या और जैकी की यह मजेदार नोकझोंक विज्ञापन में देखने को मिली, जिसमें अनन्या जैकी के मशहूर अंदाज में कहती हैं, भिड़ू बनना बहुत आसान है, दिसंबर में ठंडी, भिंडी में चौकंडी, क्या बोलता है? जैकी इस पर अनन्या की नकल करते हुए कहते हैं, मैं अपनी जीभ को अपनी नाक से लगा सकता हूं। मेरे ग्लूटेन में ग्लूटेन है क्या?दोनों की जोड़ी ने इस विज्ञापन को और भी मजेदार बना दिया। बता दें कि बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जैकी श्रॉफ ने 68 साल की उम्र में अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया, और इस खास मौके पर बॉलीवुड के कई सितारों ने उन्हें बधाई दी।

# शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव, सपाट स्तर पर सेंसेक्स और निफ्टी

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। पहले आधे घंटे के कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार की चाल में तेजी आई, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में गिरावट आ गई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.16 प्रतिशत की कमजोरी और निफ्टी 0.03 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बीपीसीएल, इंडसइंड बैंक, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, ओएनजीसी और कोल इंडिया के शेयर 2.87 प्रतिशत से लेकर 1.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एशियन पेंट्स, टाइटन कंपनी, नेस्ले, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ओर ब्रिटानिया के शेयर 4.21 प्रतिशत से लेकर 1.37 प्रतिशत की




कमजोरी के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,384 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,924 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 460 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 16 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 120.79 अंक की तेजी के साथ 78,704.60 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 78,735.41 अंक तक पहुंच गया, लेकिन पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण ये सूचकांक लाल निशान में लुढ़क गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10.15 बजे सेंसेक्स 124.29 अंक की कमजोरी के साथ 78,459.52 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 62.50 अंक उछल कर 23,801.75 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 23,807.30 तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक ने भी लाल निशान में गोता लगा दिया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10¬15 बजे निफ्टी 7.75 अंक की सांकेतिक बढ़त के साथ 23,747 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 1,397.07 अंक यानी 1.81 प्रतिशत की मजबूती के साथ 78,583.81 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 378.20 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,739.25 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्रा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## 32 वर्ष से फरार हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, पुलिस ने दबोचा




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिकन्द्राबाद पुलिस ने 32 साल से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर को गिरफ्तार कर लिया है। सुरेन्द्र उर्फ सुन्दर थाना सिकन्द्राबाद पर पंजीकृत मामले में वांछित था। न्यायालय ने उसे 30 महीने कारावास की सजा सुनाई थी, लेकिन सजा पूरी करने के बाद वह फरार हो गया और 32 वर्षों तक पुलिस से बचता रहा। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। सिकन्द्राबाद थाना पुलिस ने सुराग लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जाएगा। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार शाही, उपनिरीक्षक सर्वेश कुमार, उपनिरीक्षक यतेन्द्र शर्मा और कांस्टेबल महताब शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने इस कार्रवाई के लिए टीम की सराहना की है।

## महिला सुरक्षा और जागरूकता के लिए मिशन शक्ति अभियान जारी





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। शासन के निर्देशानुसार महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस टीमों द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज जिले के विभिन्न थानों की मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीमों ने क्षेत्र में जाकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और उनके अधिकारों की जानकारी दी। अभियान के दौरान महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वायड, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 और एंबुलेंस-102 के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा, आत्मरक्षा के लिए महत्वपूर्ण टिप्स, गुड टच और बैड टच की पहचान और बाल श्रम उन्मूलन से जुड़े मुद्दों पर भी जानकारी दी गई। पुलिस ने बालिकाओं को स्वावलंबी बनने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने की अपील की। अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं ने पुलिस से अपने सवाल भी पूछे और सुरक्षा के प्रति अपनी जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

## भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान का संगठन विस्तार, नई नियुक्तियां



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान ने संगठन में विस्तार करते हुए नए सदस्यों को जोड़ा। आज, 5 फरवरी 2025 को राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सलाहकार नरेंद्र कुमार की उपस्थिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गांव जरगवा के बलवंत को सदस्यता प्रदान की। साथ ही, निशा कुमारी को महिला तहसील अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई। नए सदस्य और नियुक्त अधिकारियों ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए कहा कि वे सच्चे मन से संगठन में काम करेंगे और किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता देंगे।

## वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे बुलंदशहर एसएसपी श्लोक कुमार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। बुलंदशहर एसएसपी श्लोक कुमार ने निर्धारित समय पर थाना नरसेना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना के अभिलेखों की गहनता से जांच की और सभी दस्तावेजों की सटीकता का मूल्यांकन किया। इसके बाद असलाह ग्रह का भी निरीक्षण किया गया, जहां एक दरोगा से एक असला के बारे में पूछताछ की गई। एसएसपी ने बीट प्रभारियों को क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए और बीट रजिस्टरों की भी जांच की। इसके बाद थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी श्लोक कुमार ने चौकी बुगरासी क्षेत्र और थाना क्षेत्र के सभी चौकीदारों को कम्बल वितरण किए, ताकि वे अपनी सेवा को बेहतर तरीके से निभा सकें। निरीक्षण के बाद एसएसपी श्लोक कुमार ने जलपान किया और फिर बुलंदशहर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान थाना नरसेना और चौकी बुगरासी का पुलिस बल मौजूद रहा।

## जिलाधिकारी श्रुति ने दिव्यांगों को वितरित किए कंबल, जरूरतमंदों की सहायता के लिए जताई प्रतिबद्धता







उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। कड़ाके की ठंड के बीच जरूरतमंदों की मदद के लिए जिला प्रशासन ने कदम उठाया। आज जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में दिव्यांगों को कंबल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सर्दी में बिना गर्म कपड़ों के न रहे। कंबल वितरण कार्यक्रम में विभिन्न अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की। लाभार्थियों ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया और प्रशासन की इस सहायता को सराहा। प्रशासन ने आश्वस्त किया कि आगे भी जरूरतमंदों की मदद के लिए ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

## ऑनलाइन ठगी के शिकार व्यक्ति को पुलिस ने दिलाई ₹1,84,500 की राशि वापस

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के शिकार व्यक्ति के खाते में ₹1,84,500 की राशि वापस कराकर एक बड़ी सफलता हासिल की है। राहुल कुमार, निवासी विष्णुपुरम कॉलोनी, चांदपुर रोड, ने थाना कोतवाली नगर में शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाइन कार्य के जरिए पैसा कमाने का झांसा देकर उनसे ठगी कर ली।

इस मामले में पुलिस ने मुअसं-218/24 धारा 420 भादवि और 66 डी आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। थाना कोतवाली नगर साइबर हेल्प डेस्क ने अथक प्रयास करते हुए पीड़ित के खाते में पूरी ठगी गई राशि वापस कराई। अपनी राशि वापस मिलने पर राहुल कुमार ने पुलिस का आभार व्यक्त किया और उनकी तत्परता की सराहना की। सावधानी बरते- किसी भी अनजान व्यक्ति से अपना बैंक खाता नंबर, पिन, ओटीपी या सीवीवी साझा न करें। - यदि खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकल जाए तो तुरंत helpline 1930 पर कॉल करें।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय निर्माण में अनियमितताओं पर ग्रामीणों का विरोध



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। अनूपशहर क्षेत्र के गांव रोरा में 4 करोड़ की लागत से बन रहे कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के मंडल अध्यक्ष मेरठ ज्ञानेंद्र सिंह राघव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर काम रुकवा दिया और ठेकेदार व जूनियर इंजीनियर (जेई) के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में 16.1 के मसाले का उपयोग किया जा रहा है, जबकि नियमानुसार बेहतर गुणवत्ता की सामग्री लगनी चाहिए थी। इसके अलावा, ईंटों की गुणवत्ता भी मानकों के अनुरूप नहीं थी। प्रदर्शनकारियों ने ठेकेदार और कर्मचारियों से काम बंद कराने के बाद जेई आलमगीर को मौके पर बुलाने की मांग की। लेकिन बिना उचित जांच के काम फिर से शुरू करा दिया गया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया। इसके बाद, ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी अनूपशहर प्रियंका गोयल से शिकायत की और विद्यालय निर्माण में भ्रष्टाचार की जांच की मांग की। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी दीपक कुमार को मौके पर भेजा। उन्होंने जेई आलमगीर की मौजूदगी में निर्माण कार्य की जांच की। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने खराब गुणवत्ता वाली प्लिंथ को उखाड़कर फिर से सैंपलिंग कराने की मांग की। ग्रामीणों ने आरईएस (ग्रामीण अभियंत्रण सेवा) के अधिशासी अभियंता विनीत चौधरी से जेई आलमगीर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, उन पर भ्रष्टाचार और ठेकेदार के साथ मिलीभगत के आरोप लगाए। इस पर विनीत चौधरी ने जांच अधिकारियों की मौजूदगी में सैंपलिंग कराने और निर्माण कार्य को मानकों के अनुरूप कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। इस विरोध प्रदर्शन में ग्राम प्रधान राय सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक कुशवाहा, दुष्यंत राघव सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे।

## भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने आयोजित की पंचायत, किसानों के समर्थन मूल्य में वृद्धि की मांग





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। आज 5 फरवरी 2025 को थाना कोतवाली देहात के गांव सेमली में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति द्वारा पंचायत का आयोजन किया गया। इस पंचायत की अध्यक्षता देवेंद्र सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने किसानों के मुद्दों पर जोर दिया। ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 3000 रुपये प्रति क्विंटल, बाजरा और मक्का का समर्थन मूल्य 3500 रुपये प्रति क्विंटल और गन्ना का समर्थन मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने किसानों के कर्जमाफी की भी मांग की। जिला अध्यक्ष सुनील लोधी ने बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी गांव में जाकर कनेक्शन काटने और जोड़ने के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ठा. संगीता सिंह ने भी महिलाओं के शोषण के खिलाफ आवाज उठाई और कहा कि भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति महिलाओं के अधिकारों के लिए हमेशा संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में संगठन का विस्तार भी किया गया, जिसमें एक दर्जन से अधिक किसानों को मनोनीत पत्र दिए गए और सैकड़ों किसानों को सदस्यता ग्रहण कराई गई। पंचायत में बंटी सिंह लोधी, ठा. सुनील सिंह, विष्णु दत्त त्यागी, अशोक सोलंकी, पिंटू राघव, संजीत प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, और अन्य कई किसान और महिलाएं उपस्थित रहे।

## सिकन्द्राबाद पुलिस ने 12 घंटे के भीतर हत्या और लूट की वारदात का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। सिकन्द्राबाद थाना क्षेत्र में हुई हत्या और लूट की वारदात का पुलिस ने 12 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गए ₹1,13-,499, आभूषण और अवैध हथियार बरामद किए हैं। घटना 3 फरवरी की रात की है, जब वादी योगेश अपने परिवार के साथ भतीजे की शादी में गए हुए थे और उनके पिता भारतपाल सिंह घर पर अकेले थे। इस दौरान अज्ञात बदमाश घर में घुसकर चोरी करने लगे, लेकिन जब भारतपाल जाग गए तो आरोपियों ने गला दबाकर उनकी हत्या कर दी और घर से नकदी व आभूषण लूटकर फरार हो गए। पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्त सौरभ को पता चला था कि मृतक के घर में बड़ी रकम रखी हुई है और परिवार शादी में शामिल होने जा रहा है। इसके बाद सौरभ ने अपने साथियों पवन और शिवम के साथ चोरी की योजना बनाई। 3 फरवरी की रात पवन और शिवम घर की खिड़की की जाली काटकर अंदर घुसे और मुख्य दरवाजा खोल दिया, जिससे सौरभ भी अंदर आ गया। इसी दौरान मृतक भारतपाल जाग गए और विरोध करने लगे, तो आरोपियों ने रजाई और मफलर से उनका गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद कमरे का ताला तोड़कर रुपये और आभूषण लूटकर फरार हो गए।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 फरवरी को तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से लूटे गए पूरे पैसे, आभूषण, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक चाकू बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में पवन, शिवम और सौरभ शामिल हैं, जो सभी सिकन्द्राबाद थाना क्षेत्र के महेपा जागीर गांव के निवासी हैं। इनके खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। अभियुक्तों के खिलाफ धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इस सफलता में थाना सिकन्द्राबाद के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार शाही के नेतृत्व में निरीक्षक सरजेश कुमार, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सोलंकी, सोनू बाबू, सौरभ शर्मा, शिवम कुमार, आनंद कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक ने इस त्वरित कार्वाई के लिए टीम को सराहना दी है।

## ज्ञान-विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई बौद्धिक प्रतिभा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। हजरतपुर स्थित छत्रपति शिवाजी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में ज्ञान-विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के 226 छात्रों ने भाग लिया और अपने-अपने प्रोजेक्ट और मॉडल प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला उद्योग एवं उद्यमिता प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह तथा विद्यालय के प्रबंधक मनोज नारायण बेरी उपस्थित रहे। प्रबंध समिति के उपप्रबंधक यशवीर सिंह और सदस्य रामकिशन ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। अतिथियों ने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडलों का बारीकी से निरीक्षण किया और उनकी रचनात्मकता की सराहना की। अटल लैब में निर्मित मल्टीपरपस कार और आधुनिक विश्व की प्रमुख समस्या कार्बन उत्सर्जन से निपटने के लिए बनाया गया कार्बन प्यूरीफायर प्रमुख आकर्षण रहे, जिनमें छात्र अयान खान और मनीष कुमार का विशेष योगदान रहा। मुख्य अतिथि आशुतोष सिंह ने छात्रों की प्रतिभा को सराहते हुए उन्हें नन्हे वैज्ञानिक कहकर संबोधित किया और कहा कि आज के ये युवा वैज्ञानिक भविष्य में भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रबंधक मनोज बेरी ने छात्रों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने बताया कि विद्यालय छात्रों के बौद्धिक, शारीरिक और मानसिक विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता है, जिनमें विज्ञान मेले, सांस्कृतिक कार्यक्रम, इको क्लब, स्काउट गाइड, एनसीसी और खेलकूद स्पर्धाएं शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नवीन सत्र में विद्यालय में स्मार्ट क्लास की शुरुआत हो चुकी है, जिससे छात्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की मदद से अपनी बौद्धिक क्षमताओं को और विकसित कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी उनके मार्गदर्शन की अपेक्षा जताई। इस कार्यक्रम में सुबीन गुप्ता, भारती शर्मा, दिगपाल सिंह, पिंकी सिंह, योगेश नागर, अर्पित बाबू सहित समस्त अध्यापकों का विशेष योगदान रहा।

## अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई, बुलंदशहर द्वारा 5 फरवरी 2025 को शर्मा इंटर कॉलेज में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में फॉर्टिस हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा के वरिष्ठ डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श प्रदान किया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल ने फीता काटकर किया, और इस अवसर पर शहर के लगभग 200 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर में डॉ. शांतनु सिंघल, डॉ. आरती यादव, डॉ. राजेश शुभास मिश्रा, डॉ. विशाल बंसल और डॉ. प्रिया बंसल ने ब्रेस्ट थर्मल स्क्रीनिंग, ईसीजी, शुगर टेस्ट, बीपी आदि की जांच की। संगठन ने इस आयोजन में सभी डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में संगठन की जिलाध्यक्ष मंजू गुप्ता, जिला संरक्षिका पिंकी गर्ग, जिला महामंत्री रेखा बंसल, जिला कोषाध्यक्ष रीता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष डॉ. सुनीता, जिला मीडिया प्रभारी सुजाता गुप्ता और समस्त कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## सपा महिला सभा ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा, दलित लड़कियों के खिलाफ दरिंदगी पर कठोर कार्यवाही की मांग

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में दलित लड़की के साथ दुराचार और उसकी हत्या की घटना को लेकर सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव अर्चना पांडे और महिला सभा संगठन ने महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने प्रदेश में इस तरह की घटनाओं पर कड़ी रोक लगाने और दोषियों को तुरंत फांसी देने की मांग की। सपा महिला सभा ने इस घटना को गंभीर बताते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार लगातार महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा और दुराचार की घटनाओं को नजरअंदाज कर रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि जब तक कठोर कदम नहीं उठाए जाएंगे, ऐसे अपराधों पर नियंत्रण नहीं पाया जा सकता। इसके साथ ही, आगामी 4 फरवरी 2025 को अनूपशहर विधानसभा के भईयापुर ग्राम में कैंडिल मार्च आयोजित किया जाएगा। इस कैंडिल मार्च में सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव अर्चना पांडे और सपा मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष अजय कुमार अहेरिया भी शामिल होंगे। मार्च के माध्यम से दोषियों को गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की जाएगी।

# प्रधानमंत्री रोड शो में फोटोग्राफर के कैमरा चोरी के समाधान न होने पर प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचा मामला




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

**प्रधानमंत्री को लिखे गए पत्र पर सर्वे**

हापुड़। ( पुष्पेन्द्र कुमार) पिलखुवा प्रधानमंत्री के रोड शो में कैमरा चोरी का मामला भारत सरकार प्रशासन विभाग के लोक शिकायत कार्यालय पहुंचा फोटोग्राफर राजेंद्र सिंह ने बताया 6 अप्रैल को गाजियाबाद में प्रधानमंत्री रोड शो के दौरान कवरेज करने गए थे वहां कैमरा चोरी कर लिया गया था जिसकी जानकारी लिखित रूप में दी गई थी और दस महीने बीतने के बाद भी समाधान न होने पर भारत के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कैमरा चोरी का समाधान कराने के गुहार लगाई इसके चलते प्रशासनिक विभाग लोक शिकायत कार्यालय भारत सरकार द्वारा पत्र पर घटना की फोन के द्वारा सर्वे जानकारी ली गई सर्वे अधिकारी विधि को राजेंद्र सिंह ने अवगत करते हुए बताया कि 6 अप्रैल को गाजियाबाद में प्रधानमंत्री रोड शो के कवरेज करने के दौरान कैमरा चोरी हुआ था जिसकी सूचना संबंधित कोतवाली को दी गई थी दस महीने के बाद भी कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने पर प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर समाधान करने के गुहार लगाई है इस संबंध में सर्व अधिकारी ने आश्वासन दिया कि आपकी समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा आपकी शिकायत को फॉरवर्ड किया जा रहा है।

# हाथापाई के दौरान बेइज्जती महसूस करने पर की मुन्ना की हत्या,हत्यारोपी गिरफ्तार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़। ( पुष्पेन्द्र कुमार) थाना हापुड़ नगर कोतवाली पुलिस ने मुन्ना हत्याकांड की घटना का किया खुलासा, आपको बता दें थाना हापुड़ नगर पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत चित्तौली रोड़ पर खेत में मिले शव की घटना का अनावरण करते हुए हत्यारोपी को गिरफ्तार किया है प्रेस वार्ता करते हुए क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि 31 जनवरी को थाना हापुड़ नगर क्षेत्रांर्तगत चित्तौली रोड़ पर खेत में एक शव मिला था,उक्त सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारीगण, फॉरेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था उक्त घटना का खुलासा करते हुए थाना हापुड़ नगर कोतवाली पुलिस ने मुन्ना हत्याकांड घटना का खुलासा कर रामपुर रोड़ नाले के पास से कमरुद्दीन उर्फ कम्मू पुत्र मौहम्मद यामीन निवासी कोटला युसुफ जामन वाली मस्जिद के पीछे थाना हापुड़ नगर को गिरफ्तार किया है पुलिस द्वारा पूछताछ करने गिरफ्तार अभियुक्त कमरुद्दीन उर्फ कम्मू ने बताया कि में बेलदारी का काम करता था और कभी-कभी बेलदारी का काम करने के लिए रामपुर रोड़ स्थित चमडा पैठ में भी चला जाता था। वहीं पर मेरी जान-पहचान मुन्ना पुत्र रफीक से हुई थी। हम दोनों कभी-कभी एक साथ शराब का सेवन कर लेते थे। कुछ महीने पहले मेरी मुन्ना से कहा सुनी हो गयी थी जिसको लेकर मैंने मुन्ना के साथ हाथापाई कर दी थी तो आस पास के लोगों ने मुझे ही भला बुरा कहा था जिससे मेरी काफी बेइज्जती हुई थी और 30 जनवरी की शाम को मुन्ना मुझे रामपुर रोड़ पर मिला था जिसके बाद हम लोग चित्तोली रोड स्थित भट्टे के पास खेतों में बैठकर शराब पीने लगे।

कुछ देर बाद हमारे बीच कहासुनी और हाथापाई हो गयी। जिसके चलते मैंने रस्सी के टुकडे से मुन्ना को जान से मारने की नियत से उसका गला दबा दिया, जिसके बाद मुन्ना की मौत हो गयी थी। अभियुक्त के पास से आलाकत्ल (रस्सी का टुकड़ा) बरामद हुआ है। उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया।

# दुकान पर काम कर रहे बालश्रमिक को एएचटीयू पुलिस व लेबर इंस्पेक्टर टीम ने किया मुक्त



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जय सिंह के निर्देशन पर थाना एएचटीयू पुलिस एवं लेबर इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम द्वारा बाल संरक्षण के लिए बालश्रम रोकथाम अभियान चलाया गया जिसमें दुकानों, होटलों, कारखानों व वर्कशाप आदि की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में दुकान पर काम कर रहे एक बालश्रमिक को बालश्रम से मुक्त कराया गया एवं दुकान मालिक के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## जगन्नाथ यात्रा के दौरान महिलाओं की चेन चोरी करने वाले 3 पुरुष 1 महिला अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 27 सितंबर 2024 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार और अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकार सिकंदराबाद और जनपद बुलंदशहर के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सुनीता मलिक के नेतृत्व में नगर कोतवाली पुलिस ने महिलाओं की चेन चोरी करने वाले तीन पुरुषों और एक महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से दो सोने की चेन, जिनकी कुल कीमत 32,940 रुपये बताई गई, बरामद की। आरोपियों पर जगन्नाथ यात्रा के दौरान महिलाओं की चेन लूटने का आरोप है। गिरफ्तार अभियुक्तों में संदीप पुत्र चमनलाल निवासी छोटी चंडी मंदिर गांधी विहार मेरठ रोड थाना हापुड़, दीपक पुत्र मदनलाल निवासी संतोषपुरा अकलपुर रोड फ्लोर थाना फ्लोर जनपद जालंधर पंजाब, तुषार शर्मा पुत्र लोकेश शर्मा निवासी आवास विकास मेरठ रोड जनपद हापुड़ और महिला अभियुक्त छाया पत्नी कृष्ण उर्फ किशन निवासी मोहल्ला गांधीनगर बिहार थाना हापुड़ शामिल हैं। इस सराहनीय कार्य को अंजाम देने में नगर कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक के साथ पुलिस टीम में उ. नि. राजवीर सिंह, उ. नि. अतुल वर्मा, उ. नि. सौरभ कुमार, कांस्टेबल रोहित राणा, कांस्टेबल अमित कुमार और महिला आरक्षी रितु पवार शामिल थे। नगर पुलिस ने इन आरोपियों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजने की तैयारी कर ली है।

# जेएमएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में वर्ल्ड कैंसर डे कार्यक्रम का किया गया उद्घघाटन






उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़।(पुष्पेन्द्र कुमार) जेएमएस ग्रुप के मैनेजमेंट डॉ आयुष सिंघल, मैनेजिंग डायरेक्टर, सचिव डॉ रोहन सिंघल, डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर डॉ सुभाष गौतम, जेएमएस इंस्टिट्यूट के प्राचार्य डॉ धीरज कुमार, फार्मेसी कॉलेज के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर धनञ्जय तोमर आदि ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए किया कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जेएमएस ऑफ़ इंस्टिट्यूशंस के महानिदेशक प्रोफेसर डॉ सुभाष गौतम ने बताया की सभी प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओ ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किया। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर धनंजय तोमर ने अपने व्याख्यान में वर्ल्ड कैंसर डे सेलिब्रेट करने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए छात्र छात्राओ को विषय वस्तु यूनाइटेड ऑफ यूनिक पर गहनता से जानकारी दी। छात्रा अनुष्का शर्मा और छात्र कैफ ने कार्यक्रम में एंकरिंग करके एक अहम भूमिका निभायी। बी.फार्मा की छात्रा कशिश वर्मा ,सोफिया सैफी, रिया राजपूत व छात्र शिवांक कुमार एवं डी.फार्मा की छात्रा मदीहा ने अपने भाषण में कैंसर से जुडी बीमारिया और उससे बचने के उपाय के बारे में बताया। छात्र अमान ने वर्ष 1999 में वर्ल्ड कैंसर डे की वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाईजेशन के साथ मिलकर शुरुआत के बारे में तथा हर वर्ष वर्ल्ड में 9 मिलियन म्रत्यु कैंसर से जुडी बीमारियों के कारण होती है। कॉलेज परिसर के फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने प्रेजेंटेशन के द्वारा सभी छात्र छात्राओ को तथा उपस्तिथ गणमान्य व्यक्तियो को नई नई जानकारी दी। इसके साथ ही कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्र वंश सिरोही ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलक्ष में एडमिशन हेड रीता सिंह तथा एमज़बीज़एज़ हेड पारुल चौहान ने वंश सिरोही को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थान के माननीय मैनेजमेंट डॉ आयुष सिंघल, मैनेजिंग डायरेक्टर ने छात्र छात्राओ द्वारा निर्मित वर्ल्ड कैंसर डे से सम्बंधित पोस्टर व मॉडल के प्रस्तुतीकरण पर बधाई देते हुए उनको प्रमाण पत्र देकर पुरुस्कृत किया। कार्यक्रम में बीफार्म व डीफार्म के छात्र छात्राये, प्राध्यापकगण, प्राचार्य व निदेशक उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम के अंत मे फार्मेसी हैड धनंजय तोमर ने सभी गणमान्य अतिथियों का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्थान के सभी प्रध्यापको एवं स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

# जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ में बुधवार को पुलिस-प्रशासन की टीम ने शांति कमेटी की बैठक





उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ में बुधवार को पुलिस-प्रशासन की टीम ने शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया जिसमें क्षेत्रवासियों के साथ बैठक कर आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने की अपील की गई। इस दौरान पुलिस ने लोगों के मध्य मनमुटावों को दूर करने का प्रयास किया। साथ ही उनकी समस्याओं को जाना। तो वहीं बाबूगढ़ के छपकोली मंदिर में महाशिवरात्रि के चलते व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर भी विचार विमर्श हुआ। हापुड़ के क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि बाबूगढ़ थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई है। आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि, शब-ए-बारात, गुरु रविदास जयंती आदि के मद्देनजर इस बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने पुलिस को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा के अनुसार छपकोली मंदिर में महाशिवरात्रि के पर्व पर 20 हजार श्रद्धालुओं के आने की संभावना है जिसके मद्देनजर यातायात व सुरक्षा को लेकर विचार विमर्श हुआ। इस दौरान एसडीएम अंकित वर्मा, बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

# पीजी और बंद मकान से लैपटॉप व नगदी-जेवर चुराए

गाजियाबाद । बेखौफ चोरों ने मसूरी थानाक्षेत्र में बंद मकान के ताले तोड़कर लाखों रुपये के नगदी-जेवर चोरी कर लिए तो वहीं, क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में पीजी से बीटेक की छात्रा का लैपटॉप चोरी कर लिया। घटना के संबंध में पीड़ितों ने संबंधित थानों में शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर चोरों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। फ्लोरा एनक्लेव के पास गंगापुरम में रहने वाले आनंद भारती का कहना है कि वह परिवार के साथ किसी काम से गुरुग्राम गए हुए थे। तीन फरवरी की सुबह घर पहुंचे तो ताले टूटे मिले। आनंद भारती के मुताबिक अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से करीब डेढ़ लाख रुपये की नगदी तथा लाखों रुपये के जेवर गायब थे। घटना के संबंध में पीड़ित ने मसूरी थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। एसीपी सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि केस दर्ज कर चोरों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। दूसरी घटना में श्वेता सिंह का कहना है कि वह मूलरूप से फतेहपुर के ताम्वेश्वर नगर की रहने वाली हैं और ओम विहार स्थित पीजी में रहकर एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही हैं। श्वेता सिंह के मुताबिक 18 जनवरी की शाम साढ़े सात बजे से रात साढ़े नौ बजे तक वह छत पर टहलने के लिए गई थीं। उन्होंने कमरे का ताला नहीं लगाया था। आरोप है कि इस दौरान किसी ने उनका लैपटॉप रखा बैग चोरी कर लिया। नीचे आने पर घटना का पता चला। घटना के संबंध में पीड़िता ने 29 जनवरी को क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में शिकायत दी। एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच का कहना है कि केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# स्थानीय व जिला प्रशासन पर उत्पीड़न का आरोप लगा जनपद हापुड़ के फैक्ट्री स्वामी गाजियाबाद पालनयन करने को हुए मजबूर

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार) हापुड़ जनपद में स्थानीय व जिला प्रशासन पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए धौलाना औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों ने जमकर जताया विरोध। आपको बता दें बुधवार को धौलाना औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों ने स्थानीय प्रशासन पर रोज रोज जांच के नाम पर उद्यमियों को उत्पीड़न कर परेशान करने का आरोप लगाते हुए फैक्ट्रीयों के भार व्यापारी एकता के नारे लगाते हुए जमकर विरोध जताया और कहा कि हजारों फैक्ट्री स्वामियों स्थानीय व जिला प्रशासन से उत्पीड़न से त्रस्त होकर यहां से पलायन करने को विवश हो चुके है और जांच के नाम पर अगर उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो गुरुवार को औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमी अपने अपने प्रतिष्ठानों पर तालाबंदी कर कलेक्ट्रेट पहुंच चाबी डीएम को सौंपेगे। तो वहीं कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि अब धौलाना औद्योगिक क्षेत्र में कोई फैक्ट्री तब तक संचालित नहीं होगी जब तक प्रशासन की जांच के नाम पर किया जा रहा उत्पीड़न बंद नहीं होगा साथ ही उद्यमियों की मांग थी की उनके प्रतिष्ठानों को हापुड़ जनपद से हटाकर गाजियाबाद जनपद से पूर्व की तरह जोड़ा जाए हम हापुड़ जनपद में नहीं रहना चाहते।

# युवा समाजसेवी की शादी में बुजुर्गों ने दिया दूल्हे-दुल्हन को आशीर्वाद- मयंक गुप्ता

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



शिकारपुर (रीशू कुमार)। तहसील क्षेत्र के एक गांव में युवा समाजसेवी योगेश शर्मा की शादी बड़े धूमधाम से संपन्न हुई। शादी के इस खास मौके पर न केवल दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद प्राप्त हुआ, बल्कि उन्होंने समाज में एक सकारात्मक संदेश भी दिया। वर्तमान समय में जहां पारिवारिक विघटन और स्वार्थ संस्कृति के कारण रिश्तों में कमी आ रही है और वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की संख्या लगातार बढ़ रही है, वहीं योगेश शर्मा ने अपने विवाह समारोह में उन बुजुर्गों को विशेष आमंत्रण भेजा, जो समाज के उपेक्षित वर्ग में आते हैं। योगेश शर्मा ने अपने इस विवाह समारोह में न सिर्फ परिवार, बल्कि वंचित और पीड़ित बुजुर्गों को भी आमंत्रित किया। उन्होंने इन बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और उन्हें अपने हाथों से भोजन कराया। इस समारोह में ग्राम प्रधान, सभासद, रिश्तेदार, दोस्त और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। योगेश शर्मा का यह कदम समाज के लिए एक बेहतरीन उदाहरण बन गया है, क्योंकि आमतौर पर शादी जैसी खुशी के मौके पर लोग सिर्फ अपने करीबी रिश्तेदारों और दोस्तों को ही आमंत्रित करते हैं। लेकिन योगेश शर्मा ने समाज के बुजुर्गों को एक नई पहचान दी। उन्होंने यह दिखाया कि युवाओं को बुजुर्गों के सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए। उनका मानना है कि रिश्ते केवल खून के नहीं, बल्कि आदर और स्नेह के भी होते हैं। विवाह के इस मौके पर उन्होंने बुजुर्गों के साथ खुशियां बांटी और उन्हें समारोह में शामिल करके यह संदेश दिया कि समाज में बुजुर्गों का सम्मान करना और उनके साथ समय बिताना हमारी जिम्मेदारी बनती है। जब समारोह स्थल पर बुजुर्ग पहुंचे, तो उन्हें बड़े सम्मान के साथ फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। योगेश शर्मा और उनके परिवार ने बुजुर्गों को भोजन कराया और उन्हें उपहार भेंट किए। इस अपनत्व को देखकर कई बुजुर्गों की आंखों में आंसू आ गए। कुछ बुजुर्गों ने अपने परिवारों की याद में कहा कि आज उनके जीवन में ऐसा सुखद पल आया है, जो उन्हें कभी नहीं मिला। एक अजनबी बेटे ने उन्हें इस तरह खुशियां दीं, यह अनुभव उनके लिए अविस्मरणीय था। इस शादी समारोह में बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना और उनके साथ यह खास पल बिताना दूल्हे और दुल्हन के लिए अविस्मरणीय बन गया। उन्होंने दूल्हे-दुल्हन को अपनी शुभकामनाएं और दुआएं दीं। समाज में बुजुर्गों को विवाह जैसे खुशियों के अवसर पर आमंत्रित करना और उनका सम्मान करना एक मिसाल है, जो हमें रिश्तों के वास्तविक अर्थ समझाता है। वास्तव में, इस विवाह समारोह ने यह सिद्ध कर दिया कि हम सभी को सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

योगेश शर्मा के इस कदम ने समाज में एक नया दृष्टिकोण उत्पन्न किया है, जो आगे आने वाली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा बन सकता है।

# गैंगस्टर ने झाड़ी से तमंचा निकाल पुलिस पर गोली चलाई, गिरफ्तार

गाजियाबाद । लूट का सामान बरामद कराने गए गैंगस्टर ने झाड़ी में छिपे तमंचे से मधुबन बापूधाम पुलिस पर गोली चला दी। गोली पुलिस वैन के शीशे को चीरते हुए चालक के बगल में से गुजरी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें पैर में गोली लगने से गैंगस्टर घायल हो गया। अधिकारियों का कहना है कि घायल बदमाश डी-342 गैंग का सरगना है। उसके खिलाफ लूट-चोरी के आधा दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं। एसीपी कविनगर स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि मूलरूप से थाना अनूपशहर, जिला बुलंदशहर के गांव करनपुर और हाल मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के गांव मोरटा निवासी दीपक शातिर बदमाश है। मधुबन बापूधाम पुलिस ने उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था, जिसमें वह फरार चल रहा था। बुधवार को मधुबन बापूधाम पुलिस ने उसे दबोच लिया था। पूछताछ में उसने बताया कि उसने लूट और चोरी का सामान जीडीए गोल चक्कर के पास जंगल में छिपा रखा है। पूछताछ के बाद पुलिस उसे साथ लेकर सामान बरामद करने गई थी। एसीपी के मुताबिक जैसे ही टीम उसे लेकर प्राचीन हनुमान मंदिर के पास जंगल में पहुंची तो अचानक उसने झाड़ी में छिपाकर रखा गया तमंचा उठाकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। गोली मधुबन बापूधाम थाने की सरकारी गाड़ी के अगले शीशे पर लगी। गाड़ी चला रहा चालक विनोद कुमार शर्मा गोली लगने से बाल-बाल बचा। इसके बाद पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग की तो दीपक पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उससे तमंचा बरामद किया है। एसीपी ने बताया कि घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि घायल बदमाश दीपक अपने साथियों के साथ लूट की कई वारदात कर चुका है। मधुबन बापूधाम पुलिस ने उसके खिलाफ गैंगचार्ट तैयार कर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। दीपक का गैंग डी-342 के नाम से रजिस्टर्ड है। दीपक अपने गैंग का सरगना है। एसीपी ने बताया कि दीपक के खिलाफ नंदग्राम, कविनगर, मधुबन बापूधाम थानों में लूट, चोरी, पुलिस मुठभेड़ और गैंगस्टर एक्ट के आधा दर्जन केस दर्ज हैं।

# नगर पालिका परिषद हापुड़ के वार्डों में विकास कार्य में देरी को लेकर सभासदों में जाहिर की नाराजगी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । (पुष्पेन्द्र कुमार) बुधवार को जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा से सभासद गण समूह ने पालिका परिषद हापुड़ के वार्डों में हो रहे विकास कार्य में देरी को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए मुलाकात की तथा 15 वे वित्त आयोग व अन्य मदों से वार्ड में विकास कार्य को लेकर नहीं निविदाओं की जल्द निकले हुए खोले जाने का आग्रह किया। सभासद विकास दयाल ने बताया कि हापुड़ नगर पालिका परिषद के 15वें वित्त आयोग अन्य मदों से जनता के लिए निर्माण कार्य करने बाबत पिछले 5 महीने से कोई निविदा नहीं लगाई गई है जिस कारण पालिका परिषद के समस्त वार्डों में निर्माण कार्य थम से गए हैं जो बेहद चिंतामणि विषय है इस प्रकरण में जिम्मेदार अधिकारी भी कुछ बताने को राजी नहीं है जनता में विकास कार्य की गति धीमी होने से नाराजगी है इसलिए हम सभी सभासद गण पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय को प्रकरण के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए 15वें वित्त आयोग में अन्य मदों से जल्द निवेदन लगाकर काम सुचारु करने का आग्रह करने आए हैं उक्त प्रकरण की गंभीरता को जिलाधिकारी अवश्य संज्ञान लेकर जनता के रुके कार्यों को सुचारु करने के लिए सजल रूप से आदेश पारित करने की कृपा करेंगी। ऐसा हम सभी सभासदों का मानना है निवेदन सुनकर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि युक्त प्रकरण को लेकर इस हफ्ते निश्चित रूप से समाधान कर दिया जाएगा। विरोध करने पर सभासद विकास दयाल, सभासद मुकेश कोरी, सभासद नितिन पाराशर, सभासद सुनीता संजीव वर्मा, सभासद भारतीय नरेंद्र कुमार, सभासद पवन कुमार भास्कर ,सभासद नदीम जड़ोदिया, सभासद उर्मिला, अशोक कुमार, सभासद धर्मेंद्र कुमार, सभासद सीमा पत्नी राकेश कुमार, सभासद विजय कुमार, सभासद संध्या सुशील शास्त्री, सभासद मनीषा अजय कस्तूरी सभासद रोहतास कुमार यादव सभासद मुशीर अहमद सभासद प्रतिनिधि संजय कुमार सभासद प्रतिनिधि केपी सिंह सभासद प्रतिनिधि संजय उर्फ टिल्लू भैया आदि लोग मौजूद रहे।

# ईट भट्टे से मजदूरों को बंधनमुक्त कराया

मोदीनगर । भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव दौसा बंजारपुर स्थित ईट भट्टे पर बंधक बनाकर मजदूरों से मजूदरी कराने का मामला सामने आया है। उपजिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व टीम ने भट्टे पर पहुंचकर मजदूरों को बंधक मुक्त कराया। नायब तहसीलदार प्रशांत सक्सेना ने बताया कि शिकायत मिली थी कि लक्ष्मी ईट भट्टे पर मजदूरों को बंधक बनाकर मजदूरी कराई जा रही है। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता द्वारा एक टीम का गठन किया गया। नायब तहसील प्रशांत सक्सेना, रुपाली पुलिस फोर्स के साथ उक्त ईट भट्टे पर पहुंचे और मजदूरों को बंधक मुक्त कराया। उन्होने बताया कि मजदूरों में महिला व पुरुष व बच्चे थे। उन्होने बताया कि भोजपुर थानापुलिस को इसकी जानकारी दे दी गई है। यदि मजदूर रिपोर्ट दर्ज कराते है तो कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## जेई को भारी पड़ा बकायेदार का बिजली कनेक्शन काटना, ग्रामीणों ने किया पथराव और दुर्व्यवहार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद/बुलंदशहर। ग्राम पाली बेगपुर में विद्युत कर्मियों द्वारा एक बकायेदार का बिजली कनेक्शन काटने की घटना ने उस वक्त उग्र रूप ले लिया जब बकायेदार ने दुर्व्यवहार शुरू कर दिया और आसपास के ग्रामीणों ने पत्थरबाजी कर विद्युत कर्मियों को भागने पर मजबूर कर दिया। यह घटना बुधवार को हुई जब मैथना जगतपुर बिजली घर पर तैनात जूनियर इंजीनियर रिशु शर्मा और उनके अधीनस्थ कर्मचारी ग्राम पाली बेगपुर पहुंचे थे। यहां, बकायेदार संजय पुत्र भिक्की पर साढ़े चौदह हजार रुपये का बकाया था। बकाया भुगतान से इंकार करने पर कर्मचारियों ने बिजली का कनेक्शन काटना शुरू किया, जिस पर संजय के बेटे उमंग ने अभद्रता की। इस दौरान, विद्युत कर्मियों ने मकान में अवैध तरीके से की जा रही बिजली चोरी का भी पता लगाया, जिससे मामला और तूल पकड़ गया। बात बढ़ने पर आसपास के लोग विरोध करने लगे और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। ग्रामीणों ने पथराव कर विद्युत कर्मियों को मौके से खदेड़ दिया। जेई रिशु शर्मा ने इस घटना के बाद थाने में तहरीर दी और आरोपी को नामजद किया। हालांकि, थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज ने कहा कि अब तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, और तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम एवं स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। देव नागरी महाविद्यालय में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम एवं स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी का संदेश बच्चों को बताया गया, जो कुष्ठ रोग से संबंधित जागरूकता फैलाने और भ्रांतियों को दूर करने की दिशा में अहम कदम था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने अपने संदेश में कहा कि हम सभी को कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के साथ भेदभाव और कलंक को समाप्त करने के लिए काम करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि हमें इन लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य कृष्ण कुमार ने कार्यक्रम में विशेष प्रतिज्ञा का आयोजन किया। उन्होंने उपस्थित छात्रों से कहा, आइए मिलकर जागरूकता फैलाएं, भ्रांतियों को दूर भगाएं, कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे न छूटे। कार्यक्रम के दौरान भौतिक विज्ञान के सहायक आचार्य नरेश कुमार ने कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुष्ठ एक पुराना संक्रामक रोग है, जो Mycobacterium leprae नामक जीवाणु के कारण होता है। यह रोग त्वचा, तंत्रिका तंत्र और श्वसन मार्ग को प्रभावित कर सकता है। कार्यक्रम के प्रभारी और गणित विभाग के प्रभारी श्याम प्रकाश ने इस आयोजन को संचालित किया। इस अवसर पर प्रो. अतुल तोमर, डॉ. अवधेश कुमार सिंह, प्रो. हरिदत्त शर्मा, प्रो. शशि कपूर और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने कुष्ठ रोग के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने और इस मुद्दे से जुड़ी गलत धारणाओं को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया।

## घर में घुसकर तीन बदमाशों ने महिला वकील से की छेड़छाड़, विरोध करने पर की मारपीट



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला वकील के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का ताजा मामला सामने आया है। सिविल बार में कार्यरत महिला वकील ने तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट और छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई है। यह घटना 3 फरवरी की रात 9.00 बजे के आसपास हुई, जब पीड़िता के घर में एक कार्यक्रम चल रहा था। पीड़िता ने बताया कि इसी दौरान खुशलपुर गांव निवासी अर्जुन, हल्लू और गजेंद्र सिंह नामक तीन व्यक्ति जबरदस्ती उनके घर में घुस गए और उनके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला वकील की पिटाई भी की। इस दौरान पीड़िता के कान के कुंडल भी गायब हो गए। पीड़िता की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 333, 115(2) और 74 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इस घटना के बाद वकीलों में गहरा रोष देखा जा रहा है। सभी वकीलों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोतवाली प्रभारी से अपील की। कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक ने घटना की पूरी जांच का आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध पेड़ों का कटान जोरों पर, अवैध कटान करते पांच लोग गिरफ्तार




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। प्रशासन द्वारा अवैध पेड़ कटान पर रोक लगाने के बावजूद हरे-भरे पेड़ों का अवैध कटान जारी है। नगर क्षेत्र में खुलेआम हरे-भरे नीम के पेड़ों की कटाई का काम जारी है, जिसे पुलिस ने गंभीरता से लिया है। पुलिस ने भटौना-कुरली मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास छिद्दा के खेत से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जो अवैध रूप से नीम के पेड़ों को काट रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नत्थूगढ़ी के धर्मवीर, ऐंचाना के शमशाद, आमिर, वीरपाल और गुलावठी के रहीम उद्दीन शामिल हैं। पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ वृक्षों के संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने इन पर सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है और स्थानीय प्रशासन से अवैध कटान रोकने के लिए और भी कड़े कदम उठाने की मांग की है। यह घटना यह दर्शाती है कि प्रशासन की रोक के बावजूद अवैध पेड़ कटान पर पूरी तरह से नियंत्रण नहीं पाया जा सका है, जिससे पर्यावरण पर गहरा असर पड़ रहा है।

## आरपीएस सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में 19वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

जहांगीरपुर। स्थानीय आरपीएस सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में 5 फरवरी 2025 को अपने 19वें स्थापना दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। यह विद्यालय की नींव आदरणीय स्व. रामपाल सिंह द्वारा 5 फरवरी 2006 को रखी गई थी। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर ज्योति जलाकर और माला पहनाकर की गई। इसके बाद, विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे देशभक्ति गीत, राजस्थानी डांस और फिल्मी डांस प्रस्तुत किए, जिन्होंने कार्यक्रम में रंग भर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख खुर्जा मोहित चौधरी ने शिरकत की और इस विद्यालय की शिक्षा के क्षेत्र में अग्रिम भूमिका की सराहना की। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लें, ताकि उनकी व्यक्तित्व में भी निरंतर विकास हो सके। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक डॉ. विनोद तेवतिया, अध्यक्ष केपी सिंह और आशीष चौधरी ने मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों जैसे श्री आशीष चौधरी, मोहित चौधरी, कुलभूषण शर्मा, राजकपूर (प्रधानाचार्य, पब्लिक इंटर कॉलेज), डॉ. नरेंद्र शर्मा (डायरेक्टर, हरचंद महाविद्यालय) और श्रीमती डॉ. पुष्पलता तेवतिया (प्रधानाचार्य) सहित विद्यालय स्टाफ और छात्रों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राज सिंह चौहान ने की, और संचालन का कार्य हिरदेश कुमार, तुषार अग्रवाल और प्रीतम शर्मा ने किया।

## मेरठ परिक्षेत्र में ऑपरेशन शस्त्र की हुई शुरुआत, शस्त्र लाइसेंस धारकों के लिए कड़े निर्देश

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




मेरठ। शासनादेश के तहत मेरठ परिक्षेत्र कार्यालय (पुलिस) ने ऑपरेशन शस्त्र की शुरुआत की है, जो 5 फरवरी 2025 से प्रभावी होगा। इस अभियान के तहत शस्त्र लाइसेंस धारकों और कारतूस बिक्री से जुड़ी प्रक्रियाओं पर सख्त नियंत्रण रखा जाएगा। अब लाइसेंस धारकों को नए कारतूस प्राप्त करने के लिए पहले पुराने कारतूसों के उपयोग का विवरण प्रस्तुत करना होगा। इसकी प्रारंभिक जांच एसडीएम या सीओ द्वारा की जाएगी। वहीं, नए स्वीकृत लाइसेंसों पर सीमित संख्या में ही कारतूस दिए जाएंगे। पिछले वर्षों में बेचे गए कारतूसों के उपयोग की भी जांच कराई जाएगी। खिलाड़ियों को मिलने वाले कारतूसों के लिए अब 80त्न के बजाय 90त्न खोखे जमा करने की शर्त लागू होगी। पुलिस अब प्रत्येक गोलीकांड में पांच महत्वपूर्ण बिंदुओं की जांच करेगी, जिसमें गोली चलाने वाले, असलाह के स्वामित्व, उसका स्रोत, उसके भंडारण स्थल और घटना में प्रयुक्त वाहन की जानकारी शामिल होगी। यदि कोई लाइसेंसी असलाह को शोबाजी या अन्य व्यक्ति को उपयोग के लिए देता है, तो उसके खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा 30 के तहत कार्रवाई होगी और शस्त्र निरस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही, अपराध में शामिल पारिवारिक सदस्यों और मित्रों पर भी कानूनी कार्यवाही होगी। सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन, अवैध असलाह धारकों से संबंध रखने, अपराधियों को शरण देने या अपना मकान और वाहन इस्तेमाल करने देने पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में संबंधित लोगों पर बीएनएस की धारा 249, 3(5) और 61(2) के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य अवैध हथियारों की रोकथाम और समाज में शस्त्रों के दुरुपयोग को नियंत्रित करना है। पुलिस प्रशासन ने सभी नागरिकों से नियमों का पालन करने की अपील की है।

# गलगोटिया विश्वविद्यालय में एआईसीटीई एटीएएल एडुस्किल्स 6 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ भव्य शुभारंभ

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गलगोटियास विश्वविद्यालय में एआईसीटीई एटीएएल एडुस्किल्स फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के पहले दिन का शुभारंभ अत्यंत उत्साह के साथ किया गया। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का आयोजन गलगोटिया विश्वविद्यालय के विद्युत, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एडुस्किल्स फाउंडेशन और माइक्रोचिप टेक्नोलॉजी के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को एम्बेडेड सिस्टम्स के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। दीप प्रज्वलन एवं स्वागत संबोधनकार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात आयोजन सचिव ने सभी गणमान्य अतिथियों, प्रतिभागियों और विशेषज्ञों का हार्दिक स्वागत किया। कुलपति महोदय का प्रेरणादायक संबोधनमाननीय कुलपति, डॉ. के.एम. बाबू ने अपने उद्घाटन भाषण में तकनीकी शिक्षा में नवाचार और सतत् सीखने की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षकों को प्रोत्साहित किया कि वे इस अत्याधुनिक तकनीक को अपने शिक्षण में शामिल करें और छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करें। प्रो-वाइस चांसलर, डॉ. अवधेश कुमार ने शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को अनुसंधान और अंतरराष्ट्रीय प्रकाशनों में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।




गलगोटिया विश्वविद्यालय के माननीय चांसलर, सुनील गलगोटिया ने अपने विशेष संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों को तकनीकी रूप से दक्ष और अनुसंधान के प्रति जागरूक बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने उद्योगों के साथ सहयोग बढ़ाने और नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया। गलगोटिया विश्वविद्यालय के सीईओ, डा0 ध्रुव गलगोटिया ने एम्बेडेड सिस्टम्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के भविष्य में प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने शिक्षकों को इस कार्यक्रम से अधिकतम लाभ उठाने और नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि का तकनीकी सत्र: कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रभुपाद समल (एडुस्किल्स फाउंडेशन) ने एम्बेडेड सिस्टम्स की मूलभूत जानकारी पर एक विस्तृत तकनीकी सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने माइक्रोचिप किट्स का उपयोग करके एम्बेडेड आर्किटेक्चर, माइक्रोकंट्रोलर और प्रोग्रामिंग की बारीकियों को समझाया। प्रतिभागियों ने इस सत्र में गहरी रुचि दिखाई और महत्वपूर्ण तकनीकी प्रश्न पूछे।

धन्यवाद ज्ञापन एवं समापन कार्यक्रम का समापन डॉ. मीनाक्षी अवस्थी (विभागाध्यक्ष) के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। उन्होंने सभी गणमान्य व्यक्तियों, विशेषज्ञों और प्रतिभागियों को इस ज्ञानवर्धक सत्र को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। आगामी सत्रों के लिए प्रतिभागियों में बहु ही उत्साह दिखा: प्रतिभागी माइक्रोचिप एम्बेडेड सिस्टम्स में गहरी समझ प्राप्त करने और उद्योग सहयोग के नए अवसरों को तलाशने के लिए उत्साहित दिखे।

## प्रज्ञान पब्लिक स्कूल और आरके एकेडमी में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता







उजाला हितैषी एक्सप्रेस

जहांगीरपुर। शाहपुर कलां में 5 फरवरी 2025 को प्रज्ञान पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में आरके एकेडमी में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रज्ञान पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ. हरीश कुमार शर्मा, प्रधानाचार्या डॉ. दीप्ति शर्मा और आरके एकेडमी की प्रधानाचार्या मिस प्रियंका शर्मा द्वारा ध्वजारोहण और मशाल प्रज्वलित कर की गई। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों का मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास करना और उन्हें खेलों के महत्व के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 5वीं और 6वीं के छात्रों द्वारा पिरामिड कार्यक्रम की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद, कक्षा नर्सरी से 8 वीं तक के बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया, जिनमें कोन रेस, रिंग रेस, लेमन रेस, सिंपल रेस, बैलून बैलेंसिंग रेस, हर्डल रेस, लॉन्ग जंप रेस और शॉट पुट जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। खेल के दौरान मैदान में रोमांचक पल देखने को मिले, और खिलाड़ियों ने अपनी बहादुरी से वाहवाही बटोरी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आए बच्चों को प्रबंधक डॉ. हरीश कुमार शर्मा, प्रधानाचार्या डॉ. दीप्ति शर्मा और मिस प्रियंका शर्मा ने पुरस्कृत किया। प्रबंधक डॉ. हरीश कुमार शर्मा ने बच्चों को खेलों के महत्व के बारे में समझाया और कहा कि मजबूत राष्ट्र के निर्माण में खेलों का अहम योगदान होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनने के लिए खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। प्रधानाचार्या मिस प्रियंका शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और बच्चों को भविष्य में भी खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## विधायक ने किया टॉपर्स को पुरस्कृत, नेशन पब्लिक स्कूल में हुआ सम्मान समारोह

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद/बुलंदशहर। नेशन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अनूपशहर विधायक संजय शर्मा ने विद्यालय के टॉपर्स विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्रवृत्तियां, ट्रॉफियां और प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरपर्सन सुनीता अग्रवाल, संस्थापक कैलाश कुमार अग्रवाल, प्रबंधक अंकुर अग्रवाल एडवोकेट और मुख्य प्रशासक मनु अग्रवाल ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर और पुष्पार्चन करके किया। विधायक संजय शर्मा ने नागेश्वर मंदिर से नेशन पब्लिक स्कूल तक बनी नई सीसी रोड का उद्घाटन करने के बाद बतौर मुख्य अतिथि छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने प्रत्येक विषय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को 5100 रुपये की छात्रवृत्ति, ट्रॉफियां और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति ने विधायक संजय शर्मा, विशिष्ट अतिथियों आईपीएस रिजुल कुमार एएसपी, चेयरमैन सलमा कुरैशी, ईओ सेवा राम राजभर, थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज आदि का स्वागत किया और उन्हें बुके भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रिया अग्रवाल ने विधायक के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और विद्यालय की शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में हुई प्रगति की जानकारी दी। विधायक ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया। समारोह के अंत में आयोजकों ने सभी सम्मानित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। कन्वीनर लोकेश वर्मा ने आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।





# बिजली का निजीकरण गरीब के घर का उजाला छीन लेगा – चन्द्रपाल सिंह

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर (रीशू कुमार)। बिजली के निजीकरण के खिलाफ उत्तर प्रदेश किसान सभा और कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने प्रदेशव्यापी आह्वान पर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड शिकारपुर के समक्ष एक बड़ा धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव चन्द्रपाल सिंह ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार गरीबों के घर में अंधेरा करके पूंजीपतियों की दिवाली मनवाने के लिए बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ा रही है। चन्द्रपाल सिंह ने आरोप लगाया कि योगी सरकार स्मार्ट मीटर लगाने, लाइन लॉस को उपभोक्ताओं पर डालने, पीक अवर्स (बिजली की अधिक खपत की अवधि) में बिजली की बढ़ी दर वसूलने, किसानों के बिल माफी के लिए नलकूपों पर मीटर लगवाने की शर्त थोपने, और कर्मचारियों की स्थायी भर्ती बंद करने जैसे जनविरोधी निर्णय कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा सरकार बिजली को निजी कंपनियों को सौंपने में सफल हो गई, तो किसान खेती नहीं कर पाएंगे और आम उपभोक्ताओं को निजी कंपनियां सरेआम लूटेंगी। इससे गरीबों के घरों में फिर से अंधेरा छा जाएगा और किसान नलकूपों से खेती नहीं कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारी और दुकानदार बर्बाद हो जाएंगे और हजारों कर्मचारी निजी कंपनियों के बंधुआ मजदूर बन जाएंगे। भाजपा ने धर्म के नाम पर हिंदुओं के वोट लेकर सरकार बनाई और अब उन्हीं की बिजली को पूंजीपतियों को बेचने का षड्यंत्र कर रही है, जिससे तमाम धंधे चौपट हो जाएंगे। किसान सभा के




मण्डल सचिव जयभगवान शर्मा ने कहा कि बीजेपी की योगी सरकार कुम्भ में हुई भगदड़ में मरने वालों की संख्या तक को छिपा रही है और धार्मिक उत्सवों का उपयोग केवल वोट बटोरने के लिए कर रही है। इससे देश की एकता और अखंडता को खतरा पैदा हो गया है और लोकतंत्र पर हमले हो रहे हैं। उन्होंने पश्चिमी जिलों से आए नेताओं से अपील की कि वे जनता की समस्याओं का समाधान करने में विफल योगी सरकार के खिलाफ जनता को एकजुट कर आंदोलन को तेज करें और संगठन को मजबूत बनाएं। धरने के बाद प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता को सौंपा, जिसमें बिजली के निजीकरण को रोकने, स्मार्ट मीटर लगाने के निर्णय को वापस लेने, नलकूपों पर लगाए गए मीटरों को हटाने, किसानों के बिजली बिलों को बिना शर्त माफ करने, पीक अवर्स के नाम पर बिजली की दरों में वृद्धि को बंद करने, आंदोलनरत बिजली कर्मचारियों का उत्पीड़न बंद करने, संविदा कर्मचारियों को विभागीय कर्मचारी घोषित करने, और बिजली चोरी के नाम पर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न बंद करने जैसी मांगें रखी गईं। अधिशासी अभियंता और नायब तहसीलदार ने धरना स्थल पर पहुंचकर मांगों से संबंधित ज्ञापन लिया। दोनों अधिकारियों ने ज्ञापन को मुख्यमंत्री को भेजने और बिजली की स्थानीय समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में अर्जुन सिंह, वीरेंद्र लौर, गजेन्द्र सिंह, मूलचन्द त्यागी, तुंगल सिंह, सुभाष सिंह, ब्राह्मपाल सिंह, भोलू तेवतिया, वीरपाल सिंह, घनश्याम सिंह, साबिर अली, फकीरा खा, मनोज, हरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, महिपाल सिंह, समय सिंह, बंटी, हरवीर, शिव सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। धरने का संचालन बच्चू सिंह ने किया, जबकि अध्यक्षता मांगेराम त्यागी ने की।

# आज से शुरू होगा महा विशाल समागम पूरे विश्व को सपरिवार निमंत्रण सतलोक आश्रम में





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस, मीना देवी, ब्यूरो चीफ राजस्थान**

पाली जिले के सोजत सिटी के पास रुपावास स्थित सतलोक आश्रम सोजत में आगामी 6-7-8 फरवरी तथा 15-16-17 फरवरी 2025 को क्रमश: परमेश्वर कबीर साहिब जी के निर्वाण दिवस (सशरीर सतलोक गमन दिवस) व जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज जी के बोध दिवस (नामदीक्षा प्राप्त दिवस) के उपलक्ष्य में महा विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसमें संत रामपाल जी महाराज जी के सानिध्य में आध्यात्मिक सत्संग, कई जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह, सैकड़ो यूनिट रक्तदान व हजारों की संख्या में देहदान के फॉर्म भी भरे जाएंगे साथ ही आदरणीय संत गरीबदास जी महाराज जी द्वारा लिखित अमर ग्रन्थ साहेब का अखंड पाठ का आयोजन होगा,इस महा विशाल समागम में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए 24 घंटे शुद्ध देसी घी से निर्मित पकवान सब्जी,पूड़ी,दाल,चावल,आचार, सलाद, बूंदी व हलवा का प्रसाद वितरित किया जाएगा । इस महा विशाल समागम में महापुरुषों के जीवन पर आधारित आध्यात्मिक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी व नि:शुल्क नामदीक्षा की भी व्यवस्था की जाएगी । जिसमें पूरे विश्व को सोशल मीडिया के माध्यम से खुला आमंत्रण दिया जा रहा है । अत: राजस्थान की सर्वधर्म प्रेमी जनता से विनम्र निवेदन है कि इस पावन अवसर पर सतलोक आश्रम सोजत में पधारकर पुण्य का लाभ कमाए।

आयोजन स्थल का पता है- सतलोक आश्रम सोजत स्टेट हाईवे 58 जोधपुर रोड टोल नाके के पास रूपावास सतलोक आश्रम,जिला पाली राजस्थान। संपर्क सूत्र -8882914946, 8882914947, 8882914948 जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित 507 वें निर्वाण दिवस व संत रामपाल जी महाराज जी का बोध दिवस में आप सभी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं (नोट) नेपाल सहित भारत के 11 आश्रमों में होगा महा विशाल भंडारे का आयोजन। आयोजन स्थल का पता है - सतलोक आश्रम धनाना धाम (हरियाणा),सतलोक आश्रम भिवानी (हरियाणा),सतलोक आश्रम कुरुक्षेत्र (हरियाणा), सतलोक आश्रम मुंडका (दिल्ली)सतलोक आश्रम सोजत (राजस्थान), सतलोक आश्रम खमानो (पंजाब), सतलोक आश्रम धुरी (पंजाब), सतलोक आश्रम शामली (उत्तर प्रदेश), सतलोक आश्रम बैतूल (मध्य प्रदेश), सतलोक आश्रम इन्दौर (मध्य प्रदेश), सतलोक आश्रम धनुषा (नेपाल देश)

# धूमधाम से संपन्न हुआ ठा. श्रीआंनद बिहारी सरकार का द्विदिवसीय वार्षिक आनंद महोत्सव





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

वृन्दावन। गोपाल खार/परिक्रमा मार्ग क्षेत्र स्थित अवध धाम मन्दिर/आश्रम में श्रीअवधधाम गुरु कृपा ट्रस्ट, वृन्दावन के द्वारा ठाकुरश्री आनंद बिहारी सरकार का द्विदिवसीय वार्षिक आनन्द महोत्सव विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य श्रीअवध धाम मंदिर (पानीपत एवं वृंदावन) के अध्यक्ष पूज्य दाऊजी महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।इसके अलावा श्रीगोरीलाल कुंज के अध्यक्ष श्रीश्री 108 श्रीमहंत किशोरदास देव जू महाराज के द्वारा नवनिर्मित भागवत सत्संग भवन उदघाटन किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न प्रांतों से आए सभी भक्तों-श्रद्धालुओं को अपने आशीर्वचन देते हुए श्रीमहंत किशोरदास देव जू महाराज ने कहा कि मैं अत्यंत बड़भागी हूँ जो मुझे इस भागवत सत्संग भवन का उद्घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।हमें आशा ही नही अपितु पूर्ण विश्वास है कि अवधधाम मन्दिर व आश्रम सदैव ही लोक-कल्याण कारी सेवाओं का निरंतर निर्वहन करता रहेगा। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं प्रमुख समाजसेवी पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि श्रीधाम वृन्दावन में अवध धाम मंदिर व आश्रम की स्थापना आज से 4 वर्ष पूर्व हुई थी।इसके द्वारा वृन्दावन से बाहर रहने वाले धर्म परायण व्यक्तियों को प्रभु भक्ति के मार्ग से जोड़ने का जो अविस्मरणीय कार्य किया जा रहा है,उसके लिए अवध धाम के परमाध्यक्ष पूज्य दाऊजी महाराज बहुत-बहुत बधाई के पात्र हैं। अवधधाम के परमाध्यक्ष दाऊजी महाराज एवं प्रख्यात भागवताचार्य पंडित राधे राधे महाराज ने कहा कि वृन्दावन में अवधधाम मंदिर/आश्रम की स्थापना करने का उद्देश्य समूचे विश्व के कृष्ण भक्तों को श्रीधाम वृन्दावन से जोड़ना एवं लोक-कल्याण की विभिन्न जन सेवायें युद्ध स्तर पर करना है। इससे पूर्व प्रात:काल वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य ठाकुर श्रीआंनद बिहारी सरकार का पूजन-अर्चन कर उनकी 108 दीपकों से मंगला आरती की गई। तत्पश्चात समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं द्वारा श्रीहरिनाम संकीर्तन के मध्य श्रीधाम वृन्दावन की पंचकोसी परिक्रमा की गई।रात्रि को संपन्न हुई सरस भजन संध्या में प्रख्यात भजन गायक वैष्णवाचार्य धीरज बावरा ने अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा ठाकुर श्रीराधा-कृष्ण की महिमा से ओतप्रोत भजनों का गायन कर सभी श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर समिति के समन्वयक आचार्य वेदप्रकाश पाराशर महाराज, डॉ. निरंजन पाराशर, संत रासबिहारी दास महाराज, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, अशोक नारंग, डॉ. रमेश चुघ,जगन्नाथ गोयल, तिलकराज मिगलानी, ओमप्रकाश विरमानी, रमेश खन्ना, राधेश्याम माटा, धीरज छाबड़ा, विपिन चुग, एवं अजय बंसल आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन आचार्य वेदप्रकाश पाराशर ने किया। महोत्सव का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के हुआ।जिसमें सैकड़ों व्यक्तियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# भारतीय किसान यूनियन के प्रमुख राकेश टिकैत द्वारा कोल्डस्टोर का भव्य उद्घाटन

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



बीबी नगर/बुलंदशहर (हितेश शर्मा) । जनपद बुलंदशहर के बीबीनगर ब्लॉक अंतर्गत गांव सालाबाद धमेड़ा में गणेश कोल्ड स्टोर का उद्घाटन भारतीय किसान यूनियन के प्रमुख राकेश टिकैत ने किया। इस कार्यक्रम का आयोजन विक्रांत सिंह और विक्रांत चौधरी द्वारा किया गया था। पिछले कई दिनों से इस कार्यक्रम की तैयारियां चल रही थीं, और क्षेत्र के हजारों आलू किसानों को इसमें शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। कार्यक्रम में किसानों के मनोरंजन के लिए रागनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें रागनी गायक नरदेव बैनीवाल ने मंच पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख पति नरेंद्र सिरोही बतौर अतिथि और गौतमबुद्ध नगर के जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राकेश टिकैत ने अपने संबोधन में किसानों को अपनी बेटियों को अच्छे से पढ़ाने और उद्योग, कृषि या व्यापार जैसे कार्यों में अपनी मेहनत को लगाने की सलाह दी। उन्होंने गंगा एक्सप्रेस-वे के क्षेत्र से निकलने की वजह से बीबीनगर ब्लॉक में भविष्य में व्यापार और कृषि के क्षेत्र में कई संभावनाएं पैदा होने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से खेती में रासायनिक दवाइयों के उपयोग को कम करने और कम खर्च में अधिक लाभ कमाने पर जोर दिया। ब्लॉक प्रमुख पति नरेंद्र सिरोही ने कहा कि गणेश कोल्ड स्टोर के खुलने से क्षेत्र के किसानों को कई फायदे होंगे और उन्हें कोल्ड स्टोर का पूरा लाभ उठाना चाहिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने किसानों को 'देश का अन्नदाता' बताते हुए एकता का संदेश दिया। इस मौके पर चौधरी राकेश टिकैत, प्रमुख पति नरेंद्र सिरोही, विनोद यादव, निर्दोष चौधरी, लोकेंद्र चौ., धर्मपाल सिंह, अब्बू पंडित, ज्ञानेंद्र प्रधान, नरेंद्र प्रधान, मानसिंह पहलवान, रमेश मालिक सहित कई गणमान्य लोग मंच पर उपस्थित थे। रागनी गायक नरदेव बैनीवाल ने चौ. महेंद्र सिंह टिकैत पर रागनी गाकर शमा बांध दी, जबकि अन्य गायक जैसे सरिता कश्यप, मनोज चौधरी, सोनू शर्मा और तरुण बालियान ने भी अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में रंग जमा दिया।

कार्यक्रम के दौरान बीबीनगर थाना प्रभारी संजेश कुमार मय फोर्स के साथ मौके पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय रहे।

# फरीदाबाद - टेलिग्राम टास्क में 10 लाख रुपए का साइबर फ्रॉड, तीन गिरफ्तार




फरीदाबाद । साइबर अपराध थाना बल्लबगढ़ की टीम ने टेलिग्राम टास्क में ठगी करने के मामले में 3 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसका मामला थाना साइबर अपराध बल्लबगढ़ में दर्ज किया गया था। जिसके संबंध चावला कॉलोनी के रहने वाले एक व्यक्ति ने साइबर ठगी की एक शिकायत दी। उसने बताया कि 11 नवम्बर 2024 को उसके व्हाट्सएप नम्बर पर एक अनजान नम्बर से संपर्क हुआ। जिसके बाद ठगों ने कहा कि अगर आप रिव्यू लगातार जारी रखना चहाते है तो वेलफेयर टास्क करना होगा जिसके लिए आपको और अधिक पैसे दिए जाएगे। जिसके बाद ठगो के द्वारा एक अन्य टेलिग्राम आईडी से संपर्क किया गया और शिकायतकर्ता को वेलफेयर टास्क में पैसे लगाने को कहा। ठगों ने कहा कि पैसे को कप्टो करंसी में लगाकर मोटो प्रॉफिट दिलाने को कहा। जिसके 10,79,000 रुपये का साइबर फ्रॉड हुआ। जब शिकायतकर्ता ने 5,00,000 रुपये निकालने चाहे तो। तो प्लेटफॉर्म में फ्रीज़ कर दिया। जिसकी शिकायत थाना सदर बल्लबगढ़ में दर्ज है। साइबर पुलिस टीम ने आरोपी अर्जुन से पता चला की आरोपी ने अपना बैंक खाता 10000 रुपये में आरोपी हर्षित को बेच दिया था। जिसके खाते में फ्रॉड के 5,60,000 रुपये आए थे। जिसमें आरोपी अर्जुन व हर्षित को गिरफ्तार किया जा चुका है। साइबर पुलिस टीम ने आगामी कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रकाश नवल, सतीश नवल और शिवम झा को मथुरा से गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी जोधपुर राजस्थान के रहने वाले है। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि तीनों मिलकर साथ काम करते है। आरोपियों ने खाते को आगे 32000 रुपये में चाइना के लोगो को बेचा था। आरोपियों की चाइना के लोगों के साथ टेलिग्राम के माध्यम से बात होती है। आरोपी प्रकाश नवल और सतीश नवल पर पूर्व में लखनऊ व गुरुग्राम में साइबर फ्रॉड के मामले दर्ज है। जिनमें आरोपी जमानत पर चल रहे है। आरोपी शिवम पर भी साइबर फ्रॉड के मामले जौधपुर और लखनऊ में दर्ज है। आरोपी जौधपुर के मामले फरार चल रहा है। तीनों आरोपियों को मामले में पूछताछ के लिए 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# कोटा थर्मल में रिकार्ड रूम में आग लगने की घटना - कोटा थर्मल मे डिजास्टर मेंनेजमेंट पर किया गया मॉक ड्रिल

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस, मीना देवी, ब्यूरो चीफ राजस्थान**

कोटा 5 फरवरी 2025, कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन (केएसटीपीएस) प्रशिक्षण केंद्र में आज एक मल्टी एजेंसी मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक आयोजित की गई, जिसमें रिकॉर्ड रूम में आग लगने की घटना का अनुकरण किया गया, जिसमें कर्मचारी अंदर फंसे हुए थे इस अभ्यास में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), केटीपीएस अग्निशमन विभाग और राजस्थान पुलिस के सहयोगात्मक प्रयास शामिल थे। मॉक ड्रिल का उद्देश्य वास्तविक जीवन के आपातकालीन परिदृश्य में भाग लेने वाली एजेंसियों के समन्वय और प्रतिक्रिया क्षमताओं का आकलन और सुधार करना था। रिकॉर्ड रूम में आग फैलने के साथ ही ड्रिल शुरू हुई, इसके साथ ही, सीआईएसएफ कर्मियों ने क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया और निकासी प्रक्रिया शुरू कर दी। केटीपीएस अग्निशमन विभाग की ओर से तत्काल कार्रवाई की गई।

संकट की सूचना मिलने पर, फंसे हुए कर्मचारियों की तलाश और बचाव अभियान चलाने के लिए एसडीआरएफ की टीमें तेजी से घटनास्थल पर पहुंचीं। राजस्थान पुलिस ने स्थिति को प्रबंधित करने और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने में आवश्यक सहायता प्रदान की। ड्रिल मे सभी भाग लेने वाली एजेंसियों के संचार प्रोटोकॉल, प्रतिक्रिया समय और परिचालन दक्षता का प्रभावी ढंग से परीक्षण किया।

मॉक ड्रिल के सफल समापन ने आपातकालीन स्थितियों से निपटने में अंतर-एजेंसी समन्वय और तैयारियों के महत्व पर प्रकाश डाला।मॉक ड्रिल के दौरान सीआईएसएफ के उप कमांडेंट श्री रामसुख, एसडीआरएफ के उप निरीक्षक श्यामलाल, कोटा थर्मल के अग्निशमन विभाग के अधीक्षण अभियंता युवराज मदन तथा राजस्थान पुलिस के हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह एवं चारों विभाग के अधिकारी व स्टाफ उपस्थित रहे, जिनके सहयोग से मॉक ड्रिल को सफल बनाया गया

# नर्मदापुरम को भोपाल एवं इंदौर की तरह विकसित शहर बनाया जाएगा - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

नर्मदापुरम । माँ नर्मदा की पावन भूमि पर आने के लिए देवता भी तरसते हैं। समूचा अंचल इंद्र की सभा की तरह लग रहा है। ऐसा आनंद देवलोक में ही संभव है। माँ नर्मदा का आशीर्वाद प्रदेश के साथ है। म.प्र. नदियों का मायका है। यहां से माँ नर्मदा एवं अन्य पवित्र नदियां निकलती हैं। मनुष्य एवं देवता भी यहां समय बिताने को अपना सौभाग्य समझते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्मदापुरम में नर्मदा प्रकटोत्सव और नर्मदापुरम गौरव दिवस समारोह में संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नर्मदापुरम जिले के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जायेगी। नर्मदापुरम को इंदौर-भोपाल की तरह ही शहर बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में दूध की दुकानें खोली जाएगी एवं शराब की दुकानें बंद होगी। नर्मदापुरम जिले में इंजीनियरिंग कालेज खोला जाएगा। उन्होंने सेठानी घाट में बनाए जल मंच से माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कन्या पूजन कर नर्मदा प्रकटोत्सव का शुभारंभ किया। आचार्य सोमेश परसाई, गोपाल प्रसाद खडडर एवं पं विनोद दुबे नें विधि विधान से पूजा संपन्न कराई। मुख्यमंत्री ने 104.72 करोड़ रुपये के 30 विकास कार्यो का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इसमें 29.96 करोड़ के 24 कार्यों का भूमि-पूजन एवं 74.76 करोड़ के 6 कार्यो का लोकार्पण शामिल है। नर्मदा प्रकटोत्सव पर नर्मदापुरम के सेठानी घाट में आटे से बने 1 लाख 25 हजार दीपक से दीपदान किया गया। नर्मदा तट आकर्षक रोशनी से भव्य आभा बिखेर रहा था। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि माँ नर्मदा नदी ही एक ऐसी नदी है, जिनकी परिक्रमा कर लोग धन्य होते है। नर्मदा के जल से मालवा-निमाड़ एवं समूचे नर्मदांचल क्षेत्र के 48 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती है। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि नर्मदा मैया की कृपा से समृद्धि के नये द्वार खुले हैं। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने सभी नदियों को जोड़ने का सपना देखा था। 20 साल बाद उस सपने को साकार किया जा रहा है। केन-बेतवा नदी को जोडने से बुंदेलखंड की तस्वीर बदलने वाली है। इस प्रोजेक्ट के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 01 लाख करोड़ की राशि स्वीकृत की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदापुरम जिले में हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के बारे में बताया कि इससे नर्मदापुरम संभाग में 31 हजार करोड़ रुपये का निवेश आएगा। उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम के लोग पलायन न करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह औद्योगीकरण आने वाली पीढ़ी के लिए है। हमने सभी संभाग में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहना योजना से बहनों के जीवन में बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि बुधवार 5 फरवरी को वे मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण कर रहे हैं तथा आने वाले समय में विद्यार्थियों को लैपटॉप भी दिये जाऐंगे। सनातन संस्कृति की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि भारत की संस्कृति धर्म से जुड़ी हुई है। मध्यप्रदेश सरकार भगवान श्री राम एवं भगवान श्रीकृष्ण की स्थली को तीर्थस्थल के रूप में विकसित करेगी। नरसिंहपुर होशंगाबाद सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने सभी उपस्थित लोगों से कहा कि हम माँ नर्मदा की सेवा करने का कार्य करें। मुख्यमंत्री ने पूर्व में ही हमें नर्मदा लोक की सौगात दी है। राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को अनेक सौगातें दी है। नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि नर्मदा लोक के प्रथम चरण के लिए 20 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने दूसरे चरण के लिए 30 करोड की राशि देने एवं इंजिनियरिंग कॉलेज की सौगात देने की माँग की। इसके पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेन्द्र यादव ने कहा कि नर्मदा प्रकटोत्सव कार्यक्रम समूचे विश्व में मनाया जाने वाला कार्यक्रम है। इस अवसर पर सिवनी-मालवा विधायक श्री प्रेमशंकर वर्मा, सोहागपुर विधायक श्री विजयपाल सिंह, पिपरिया विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी, श्रीमती प्रीती पवन शुक्ला सहित जन-प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री जल मार्ग से जल मंच पर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव नर्मदा प्रकटोत्सव की संध्या पर सर्किट हाउस घाट से जलपरी में बैठ कर मुख्य कार्यक्रम स्थल सेठानी घाट में बनाये गये जल मंच पर पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जैसे ही जल मंच पर पहुंचे वैसे ही उपस्थित लोगो की भीड ने हर-हर नर्मदे, नर्मदे हर के जयकारे के साथ आकाश गुंजायमान कर दिया।

विधि विधान से हुई पूजा-अर्चना मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा तट पर बनाये गये आकर्षक जल मंच पर वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य माँ नर्मदा की विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने माँ नर्मदा का जल अभिषेक कर माँ नर्मदा की महाआरती की। नर्मदा तट पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छाई छटा नर्मदा प्रकटोत्सव एवं नर्मदापुरम के गौरव दिवस के अवसर पर मंगलवार को लोकप्रिय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिसके अंतर्गत सेठानी घाट पर मीशा शर्मा एवं उनके साथी गणों द्वारा निमाड़ी लोक गायन की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। देर रात्री उज्जेन की कशिश शीतलानी एवं उनके सा थीगणों द्वारा कथा नर्मदा की नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुती दी गई। जिसका दर्शको नें खूब आनंद उठाया। इसके पश्चात भोपाल से आये विकास सिरमोलिया एवं उनके साथियों की भक्ति गायन की भाव-विभोर करने वाली प्रस्तुती हुई। प्रमुख स्थानों और चौराहों का सौंदर्यीकरण, घरों में जले दीप नर्मदा प्रकटोत्सव के अवसर पर शहर में पिछले अनेक दिनों से स्वच्छता अभियान चलाया गया था। सभी घाटों पर एवं अनेक चौराहों व स्थानों पर विशेष सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। घाट एवं जगह जगह पर लाइटिंग की गई थी। शहरवासियों ने अपने घरों में दीपक जलाकर नर्मदा प्रकटोत्सव का उल्लास मनाया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिबंधित संगठनों के साथ समझौतों से त्रिपुरा में शांति और समृद्धि आई- शाह

अगरतला । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि त्रिपुरा अब देश के अन्य हिस्सों से पूरी तरह से जुड़ गया है, और प्रतिबंधित संगठनों के साथ समझौतों से इस पूर्वोत्तर राज्य में शांति एवं समृद्धि आई है। अगरतला में त्रिपुरा सरकार के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को नई दिल्ली से ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने पिछले सात वर्षों में कांग्रेस एवं वाममोर्चा के कई दशकों के शासन की तुलना में अधिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा, ''पिछले 10 वर्षों में प्रतिबंधित संगठनों के साथ हुए तीन समझौतों से त्रिपुरा में शांति और समृद्धि आई है।'' भाजपा नेता इस बात पर जोर देते रहे हैं कि पिछले कुछ वर्षों में त्रिपुरा और देश के बाकी हिस्सों के बीच भूमि, हवाई और रेल संपर्क में बेहतर सुधार हुआ है। भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन 2018 से राज्य में शासन कर रहा है। नियुक्ति पत्र वितरण को लेकर शाह ने कहा कि त्रिपुरा में माणिक साहा के नेतृत्व वाली सरकार ने बिना किसी भेदभाव के 'मल्टी-टास्किंग स्टाफ' (ग्रुप-डी) के 2,806 पदों के लिए भर्ती अभियान पूरा कर लिया है।

### प्रधानमंत्री 24 फरवरी को आएंगे गुवाहाटी

गुवाहाटी । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 24 फरवरी को अपने दो दिवसीय दौरे पर गुवाहाटी पहुंचेंगे। यह जानकारी बुधवार को मुख्यमंत्री ने डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने यहां पत्रकारों को दी। मुख्यमंत्री डॉ सरमा ने बताया कि प्रधानमंत्री 24 फरवरी की शाम 5 बजे गुवाहाटी पहुंचेंगे। गुवाहाटी के सोरुसजाई स्टेडियम में आयोजित होने वाले सामूहिक झूमर नृत्य के आयोजन में प्रधानमंत्री शामिल होंगे। बिहू के बाद झूमर नृत्य को भी गिनीज बुक आफ रिकार्ड में दर्ज कराने की तैयारी असम सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री दूसरे दिन यानी 25 फरवरी को दिन के 11.30 से 01.30 बजे तक एडवांटेज असम 2.0 के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ सरमा ने बताया कि उन्होंने दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ कई परियोजनाओं पर चर्चा की है। जिसमें काजीरंगा एलिवेडेट कॉरिडोर परियोजना पर भी बातचीत हुई है। साथ ही जोरहाट-डिब्रूगढ़ के बीच चार लेन युक्त मार्ग के साथ ही माजुली-जोरहाट पुल के लिए नई निविदा को लेकर भी चर्चा हुई है। उन्होंने बताया कि राजधानी के बाहरी क्षेत्र से होकर बनने वाले रिंग रोड के लिए निविदा पूरी हो चुकी है। एक माह के अंदर ही कार्य आरंभ होगा। मुख्यमंत्री ने बताया है कि ब्रह्मपुत्र नद पर नुमलीगढ़-गहपुर के बीच बनने वाले चार लेन वाले सुरंग की समीक्षा संबंधी तैयारी दूसरे चरण में पहुंच गयी है। वर्तमान में इससे संबंधित फाइल पब्लिक इंवेस्टमेंट बोर्ड (पीआईबी) के पास पहुंच गयी है। वहीं दिल्ली चुनाव को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की जीत होगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने आगा खां चतुर्थ के निधन पर शोक जताया

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को हार्वर्ड स्नातक के रूप में 20 साल की उम्र में ही दुनिया भर में लाखों इस्माइल मुस्लिमों के आध्यात्मिक नेता बन गए आगा खां चतुर्थ के निधन पर शोक जताया और कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तीकरण जैसे क्षेत्रों में उनका योगदान कई लोगों को प्रेरित करता रहेगा। आगा खां डवलपमेंट नेटवर्क और इस्माइली धार्मिक समुदाय ने घोषणा की कि शिया इस्माइली मुसलमानों के 49वें वंशानुगत इमाम प्रिंस करीम अल-हुसैनी, आगा खान चतुर्थ का पुर्तगाल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''करीम आगा खां चतुर्थ के निधन से गहरा दु:ख हुआ। वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने अपना जीवन सेवा और अध्यात्म के लिए समर्पित कर दिया।'' उन्होंने कहा, ''स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तीकरण जैसे क्षेत्रों में उनका योगदान कई लोगों को प्रेरित करता रहेगा। मैं हमेशा उनके साथ अपनी बातचीत को संजोकर रखूंगा। उनके परिवार और दुनिया भर में लाखों अनुयायियों और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।'' प्रधानमंत्री ने आगा खां के साथ अपनी मुलाकात से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। आगा खां के अनुयायी उन्हें पैगंबर मुहम्मद का वंशज मानते हैं। उन्होंने बड़ा औद्योगिक उपक्रम खड़ा किया और परोपकार के भी कार्य किए।

### महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की बस और अज्ञात वाहन की टक्कर में आठ लोग घायल

कौशांबी (उप्र) । कौशांबी जिले में बुधवार सुबह महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की एक बस और अज्ञात वाहन की टक्कर में बस चालक सहित आठ लोग घायल हो गये। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि घटना सैनी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-दो पर नरसिंहपुर कछुआ चौराहा पर हुई जब बागपत से श्रद्धालुओं को लेकर जा रही बस, एक अज्ञात वाहन से टकरा गई। उन्होंने बताया कि बस में कुल 55 श्रद्धालु सवार थे। उन्होंने बताया कि हादसे में बस चालक सहित आठ श्रद्धालु घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। विश्वकर्मा ने बताया कि हादसे के बाद बस का चालक स्टीयरिंग में फंस गया, जिसे बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और उसे सिराथू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि संभवत: बस चालक को झपकी आ गई जिसके कारण यह हादसा हुआ।

### सरकारी व सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य



पलवल । जिला उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बुधवार को आमजन से आह्वान किया कि जिला में सरकारी व सार्वजनिक संपत्ति पर किसी भी प्रकार का विज्ञापन या इश्तहार आदि चिपकाकर सरकारी व सार्वजनिक संपत्ति की सुंदरता को खराब न करें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति सरकारी या सार्वजनिक संपत्ति पर किसी प्रकार का कोई बैनर पोस्टर अथवा अन्य स्टीकर चिपकाएगा तो जिला प्रशासन की ओर से उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। सरकारी व सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उपायुक्त ने बताया कि सार्वजनिक संपत्ति वह है जो सार्वजनिक उपयोग के लिए समर्पित है। इस पर सरकार का अधिकार होता है। ये उतनी ही अनमोल होती है जितनी हमारी स्वयं की संपत्ति। जिस तरह हम व्यक्तिगत संपत्ति की सुरक्षा करते हैं उसी तरह हमें सरकारी व सार्वजनिक संपत्ति की भी सुरक्षा करनी चाहिए जो पूरे राष्ट्र की है। एक अच्छे नागरिक के रूप में यह हमारा कर्तव्य है कि हम सरकारी व सार्वजनिक संपत्ति का उपयोग उतनी ही सावधानी से करें जितना कि हम अपनी चीजों का उपयोग करते हैं।